चौधरी हुकम सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि जेएलएन कैनाल और महेंद्रगढ कैनाल तीन चार डिस्ट्रक्टस को लगभग चार लाख हैक्टेयर भूमि की सिंचाई करेगी। आप जानते है कि हरियाणा का किसान एक हैक्टेयर में कितनी पैदावार करता है। आप यह भी अन्दाजा लगाएं कि वह चार लाख हैक्टेयर में कितनी पैदावार कर सकता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है कि एसवाईएल नहर की खुदाई की तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाए। हमारी सरकार इस तरफ काफी ध्यान दे रही है। आईपीएम साहब ने यहां बताया था कि लगभग

11 किलोमीटर नहर तैयार हो गई है। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एसवाईएल के बारे में कह रहा था। (विघ्न)

चौधरी सुरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, अपोजी ान के भाई आज तो इतना भाोर कर रहे हैं लेकिन जब इनकी सरकार थी और चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी इरीगे ान एण्ड पावर मिनिस्टर थे उस समय कैरियर चैनल के लिए चार पांच किलोमीटर जमीन एक्वायर करने की नोटिफीके ान की थी जब कि यह चैनल 112 किलोमीटर बननी थी। यहां अब ये कहते हैं कि चौधरी साहब इस कैरियर चैनल को बनाने में इन्ट्रैस्टिड नहीं है। (हंसी)

चौधरी हुकम सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, जैसा कि आईपीएम साहब ने पिछले दिनों बताया था कि वह 11 किलोमीटर खुद कर तैयार हो चुकी है। और आगे भी उम्मीद है कि जल्द से जल्द बन कर तैयार हो जायेगी क्योंकि उसके लिए पहले भी पैसा दिय गया और अब दे रहे हैं। हमारी सरकार ने उस नहर को पूरा करने के लिए पूरा जोर दिया हुआ है जितनी जल्दी इसे तैयार किया जाये उतना ही अच्छा है क्योंकि हरियाणा के किसानों का इसके साथ सीधा हित जुडा हुआ है। (ाोर) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं पहले बोलता नहीं, लेकिन जब ये बोलने की कोि ा ा करते हैं तो मुझे बोलना पडता है (ाोर) मेरे से ये खफा है इसलिए मैं भी इनके साथ जुड जाता हूं।

आप जानते हैं कि हरियाणा के आधे हिस्से में जमीन के नीचे का पानी खारा है। खारा पानी होने के कारण टयूबवैल्ज नहीं लग सकते जिस कारण से वहां किसान अनाज पैदा करने में असमर्थ है और न ही अपने लिए कुछ धंधा कर सकते है।

श्री भागी रामः **********

श्री उपाध्यक्षः जो कुछ इन्होंने कहा है यह रिकार्ड में नहीं आयेगा।

चौधरी हुकम सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि नीचे का पानी खारा होने के कारण सिंचाई नहीं हो सकती। हमारे सिंचाई के दो ही साधन है।

प्रो0 सम्पत सिंहः **********

श्री उपाध्यक्षः यह रिकार्ड में नहीं आयेगा।

श्री भागी रामः **********

श्री उपाध्यक्षः यह भी रिकार्ड में नहीं आयेगा।

चौधरी हुकम सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि हमारे सिंचाई के दो ही साधन हैं एक नहर और दूसरा टयूबवैल्ज। आधे इलाके में नीचे का पानी खारा होने के कारण टयूबवैल्ज से सिंचाई नहीं हो सकती। (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः मैं सारे मैम्बर साहेबान से रिक्वैस्ट करूंगा कि जो मैम्बर बोल रहा है उसे बोलने दें और हाउस का डेकोरम बनाये रखे।

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी मार्फत विरोधी पक्ष के भाईयों से प्रार्थना करूंगा कि जो भाई बोल रहा है उसे आराम से बोलने दें। जब अपोजी ान के भाई बोलते है तो हम कुछ नहीं बोलते। हमारे नये सदस्य बोल रहे हैं इसलिए इन्हें बोलने देना चाहिए। जब ये बोलेंगे और हम बीच में बोलेगें तो फिर ये नाराज होंगे। (ाोर)

श्री उपाध्यक्षः आप बैठिए। आप भाान्ति से मैम्बर को सुनें (ाोर)

चौधरी हुकम सिंहः डिप्टी स्पीकर मैं कह रहा था कि हरियाणा प्रदे ा में सिंचाई के दो ही साधन है।

श्री हीरा नन्द आर्यः **********

श्री उपाध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। कुछ भी रिकार्ड में नहीं आयेगा।

चौधरी हुकम सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, आप जानते हैं कि हरियाणा में टयूबवैल्ज बिजली और इंजन से चलते हें लेकिन बिजली और तेल के इंजन का खर्चा इतना ज्यादा होता है कि किसान उसे बरदास्त नहीं कर सकता। दूसरे सिंचाई भी उतनी

नहीं होती जिससे नहर के पानी से हो सकती है। नहर से पैदावार भी ज्यादा होती है और सिंचाई भी ज्यादा होती है। पैदावार ज्यादा होगी तो प्रान्त खु ाहाल होगा। इसलिये किसान को नहर का जितना ज्यादा पानी मिले। उतना ही अच्छा है।

जैसे किसानों को दूसरी नहरों का पानी मिलता है इसी तरीके से एसवाईएल को जो हमारा हिस्सा है वह भी मिलना चाहिए। हम अपने हिस्से के लिए पंजाब से कोई भीख नहीं मांगते न ही हम किसी दूसरे प्रदे ा से अपने हिस्से के लिए भीख मांगते हैं। यह तो हमारा हक है जो हमारा हिस्सा है वह हमें मिलना चाहिए। पहले पंजाब और हरियाणा प्रान्त एक ही प्रान्त था। 1966 से पहले पंजाब और हरियाणा इक्टठे थे। 1966 के बाद पंजाब हमारा बडा भाई है और हरियाणा पंजाब का एक छोटा भाई है। यह कुदरती बात है कि जब दो भाई इक्टठे हो तो रहना उठना बैठना खाना पीना सब कुछ सांझा होता है। लेकिन जब अलग अलग हो जाते है तो सब कुछ सांझा बंट जाता है। पंजाब वाले एसवाईएल का पानी हमें न दे कर पाकिस्तान को बेकार में जाने दे रहे हैं। हमारा बडा भाई हमें पानी नहीं दे रहा है इसलिए हरियाणा के किसानों को बडा दुख है और तकलीफ है। वह पानी बेकार में पाकिस्तान को तो जाता रहता है लेकिन हरियाणा को नहीं मिल रहा है। इस बारे में हरियाणा सरकार बडी मजबूती के साथ लड रही है और पहले भी इसके लिये हर तरीके से कोि ा ा करती रही है जब कभी कोई मीटिंग हुई है या पानी

लेने की बात हुई है या इस बारे में कोई काम करने की बात आयी है तो हरियाणा सरकार ने एक परसैंट भी कोताही नहीं की है। इस बारे में हमने कोई ढील नहीं की है और हर तरीके से तन मन धन से इस काम को किया है। आगे भी उम्मीद है कि जितनी जल्दी हो सकेगा उतनी जल्दी कोि ा ा करके यह उस पानी को हरियाणा में लायेगी। धन्यवाद। (व्यवधान एवं भाोर)

चौधरी नर सिंह ढांडाः डिप्टी स्पीकर साहब, एसवाईएल के बारे में कुछ बातें मैं भी सरकार के नोटिस में लाना चाहूंगा क्योंकि इसके साथ सारे हरियाणा के किसानों और मजदूरों का हित जुडा हुआ है। इसके बगैर किसान और मजदूर आज बेचारे भूखे की हालत में बैठे है। डिप्टी स्पीकर सर, क्या ही अच्छा होता अगर आज से डेढ साल पहले जब यह प्रस्ताव इस हाउस मे आया था इसको पास करके सैंट्रल गवर्नमैंट को भेज देते? यहां पर तो इस पर टाईम वेस्ट ही हो रहा है। सैंट्रल गवर्नमैंट ने 1961 में 110 करोड रूपया इस पानी के लिए पाकिस्तान को दिया था। हरियाणा को जो हिस्सा मिलना चाहिए था उसे पंजाब सरकार से दिलवाने में सैंट्रल गवर्नमैंट नाकामयाब रही है। इस बात की ओर वह ध्यान नहीं दे पायी। इस वजह से वह पानी समुद्र में बेकार जा रहा है उसके बाद 1966 में जब पंजाब और हरियाणा अलग अलग हो गये तो उसके बाद खासतौर पर हरियाणा और राजस्थान इस बात की तरफ देखता रहा है कि यह पानी कब आयेगा। मुख्यमंत्री चौधरी बंसी लाल ने भी कई बार वायदा किया कि हरियाणा के

किसानों को बहुत जल्दी ही पानी मिलेगा। 1976 में इस झगडे का अवार्ड आया लेकिन उस अवार्ड को लागू नहीं किया गया। मेरा कहने का मतलब यह है कि जब चौधरी देवीलाल मुख्यमंत्री थे और उनकी सरकार थी तो हरियाणा और पंजाब पानी का मसला हल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में केस लेकर गये थे।

चौधरी सुरेन्द्र सिंहः उन्होंने तो यह ठीक नहीं किया।

चौधरी नर सिंह ढांडाः अब सुप्रीम कोर्ट वाली बात भी सुन लो। सुप्रीम कोर्ट से अगर इस केस का फैसला हो जाता है वह आर्डर एग्जीक्यूट हो जाता लेकिन चौधरी भजन लाल ने मुख्यमंत्री बनने के बाद यह कहा कि चौधरी देवीलाल ने तो प्रका ा सिंह बादल से मिलकर केस को सुप्रीम कोर्ट में टांग दिया है चौधरी भजन लाल ने उस केस को वापिस लेकर कपूरी गांव में जहां करोडो रूपया बरबाद हुआ, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से नहर खोदने का उदघाटन करवाया और वहां यह कहा कि यह नहर दो साल में बन कर तैयार हो जायेगी। हरियाणा के किसानों को पानी मिल जायेगा लेकिन इन सब बातों के होने के बावजूद वह मामला अभी तक अटका हुआ है अब फिर से उस केस को सुप्रीम कोर्ट में देने की बात चल रही है। डिप्टी स्पीकर साहब, जब इस बात का जिक आता है कि इस केस को फिर सुप्रीम कोर्ट में दिया जाये तो बडा ही दुख होता है क्योंकि अब तक तो इसका फैसला पहले ही हो जाना था आज पंजाब में भी कांग्रेस सरकार (यानि गवर्नर राज) हरियाणा में भी कांग्रेस सरकार और सैंटर में भी कांग्रेस की

सरकार है लेकिन फिर भी वह पानी हरियाणा के लोगों को नहीं मिल रहा है।

श्री सुरेन्द्र सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। जब यह केस सुप्रीम कोर्ट में गया था उस वक्त यहां पर भी जनता पार्टी की सरकार थी दिल्ली में भी जनता पार्टी की सरकार थी और पंजाब में भी अकाली दल की सरकार थी उस समय क्यों यह लोग पानी नहीं ला सके?

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवालः डिप्टी स्पीकर साहब, अभी चौधरी सुरेन्द्र जी यह कह रहे थे कि 1977 में जनता पार्टी की सरकार पंजाब में भी थी दिल्ली में भी थी और हरियाणा में भी थी। मैं इनसे यह जानना चाहता हूं कि कांग्रेस की सरकार 36 साल तक लगातार दोनों स्टेटस में और सैंटर में रही है लेकिन अब तक यह पानी क्यों नहीं ला सके है क्या इसका जवाब देंगे।

चौधरी नर सिंह ढांडाः डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा का 47–48 करोड रूपया पंजाब के कर्मचारी खा गये और उस पैसे का ब्याज हमें देना पड रहा है दिल्ली की सरकार बैठी हुई देख रही है। पंजाब में पिछले दिनों अब मिलिट्री भेजी गयी थी तो सैंटर को वहां पर यह नहर बनाने की कोि ा ा करनी चाहिये थी। इसके बगैर हरियाणा का किसान सुखी नहीं है वह दुखी बैठा है। सारे हरियाणा के किसान जब कभी इस हाउस में बजट आता है तो उस की तरफ देखते रहते हैं। बजट में यह वायदा किया

जाता है कि दो साल में यह नहर बना दी जायेगी और किसानों को पानी मिलने लगेगा। डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे बडे खेद के साथ कहना पड रहा है कि हरियाणा के लोगों को यह सरकार बहका रही है। हरियाणा के लोगों के खून पसीने की कमाई वेस्ट की जा रही है। हम लोग देखते रहते हैं कि कब पानी यहां पर आयेगा? क्या नहर खोद दी गयी? जब हरियाणा के अन्दर नहर खोदी गयी तो काफी पैसा खर्च किया गया था वह नहर भी अब प्रतिदिन टूटती जा रही है कयोंकि इसमें पानी नहीं आ रहा है। अगर उसमें पानी नहीं आयेगा तो वह नहर टूटती ही जायेगी। अभी तो हरियाणा के पानी के हिस्से के बारे में आपतियां उठायी जा रही है। दिल्ली पंजाब और हरियाणा की सरकार इस बात की ओर ध्यान नहीं दे रही है। जहां तक इस प्रस्ताव को पास करके दिल्ली की सरकार को भेजने का सम्बन्ध है इस हाउस में जब यह प्रस्ताव आया था इन्हें चाहिये तो यह था कि उसी वक्त पास करके भेज दिया जाता। लेकिन जब वोट लेने का मौका आता है याह पैसा मांगने का मौका होता है तो यह लोग सब इसकी बात करते है जब यहां पर इस बात के लिये वोटिंग करवाई जाती है कि इसको सैंट्रल गवर्नमैंट को भेज दिया जाये तो यह कहते हैं कि नही। जब भी एसवाईएल का मामला आता है कि इससे हरियाणा को पानी मिलना चाहिये तो यह कहते है कि हां जरूर मिलना चाहिये लेकिन जब वोटिंग करवाई जाती है तो नौ कहते हैं। यह इस हाउस में कन्ट्राडिक्टरी स्टेटमैंटस देते हैं।

श्री उपाध्यक्षः वह तो यह कहते है कि यह एक बहुत ही इम्पोर्टेंट इ ू है। इस पर जितनी ज्यादा डिस्क ान हो जायें उतनी ही अच्छी है।

चौधरी नर सिंह ढांडाः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे कहने का मतलब यह है कि जब सब यह चाहते हैं कि हरियाणा के लोगों को पानी जलदी से जलदी मिले तो इस प्रस्ताव को पास क्यों नहीं कर देते। मेरा निवेदन यह है कि इस प्रस्ताव को फौरी पास किया जाये। यह जो लोग इसकी वोटिंग पर नो कहते हैं यह इस सरकार की बदनीयती का सबूत है। यह सरकार चाहती है कि यह पांच साल तक सरकता रहे और काम के नाम पर कुछ न किया जाये। इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अन्त मैं इतना ही कहता हूं कि इस प्रस्ताव को आज ही पास कर दिया जाये। जय हिन्द। (व्यवधान व भाोर).....

चौधरी अजमत खांः डिप्टी स्पीकर साहब, एसवाईएल का जो प्रस्ताव आया है मैं उस को बोलने के लिए खडा हुआ हूं। यह सच है कि एसवाईएल के साथ हरियाणा के मजदूर किसान और दूसरे लोगों की जिन्दगी का बहुत बडा हिस्सा जुडा हुआ है इसमें कोई दो राय नही कि हवा के बाद इन्सानी जिन्दगी का पानी सब से पहला हिस्सा है। इन्सान को हवा के बााद अगर पानी न मिले तो इंसान जिन्दा नहीं रह सकता। पुराने जमाने में लोग काफिले की भाक्ल में पानी की तला ा में जगह बदलते रहते थें हमारी सरकार ने इस तरफ काफी काम किया है और यही वजह है

कि 1966 में जब हरियाणा बना तो हरियाणा सरकार ने इस तरफ खासतौर पर ध्यान दिया। 1966 से पहले जब पंजाब और हरियाणा एक थे उस वक्त भी हरियाणा के अन्दर पानी की समस्या थी। जब चौधरी बंसीलाल हरियणा के चीफ मिनिस्टर बने उस वक्त उन्होंने पानी के लिए जददोजहाद भुरू की। बीच में कुछ टाईम के लिए हमारे अपोजी ान के भाईयों की सरकार आई ये हमारे भाई बरसरे इक्तदार हुए लेकिन इन्होंने भी कुछ नहीं किया। आजकल के जमारने में हर आदमी अपने हक को तो बेहतर समझता है लेकिन दूसरे के हक के लिए आनाकानी करता है। जब दो भाईयों में आपस में क्ले ा बढ जाता है और आपस में भेदभाव बढ जाता है तो प्यार से समस्या हल की जा सकती है और दूसरे एक भाई को समझाकर समस्या का हल किया जा सकता है। जब यहां पर जनता पार्टी का राज था उस वक्त प्यार से यह समस्या हल हो सकती थी लेकिन हल नहीं की गई। उस वक्त हरियाणा में चौधरी देवीलाल चीफ मिनिस्टर थे और पंजाब में मि0 बादल चीफ मिनिस्टर थे। इस पानी का फैसला बडी आसानी से हो सकता था लेकिन उस वक्त इनहोंने कोई तवज्जह नहीं दी। इसके बाद उस मसले को सुप्रीम कोर्ट में ले जाया गया। बहरहाल इस मसले को बाद में सुप्रीम कोर्ट से वापिस ले लिया गया और इसकी वजह यह थी कि वहां इसके हल होने में देर लगती। इसलिए कोि ा ा यह थी कि यह मसला जल्दी हल हो जाए लेकिन जिस मकसद से इस मसले को कोर्ट से लाया गया वह मकसद पूरा नहीं हो रहा है और इसका नतीजा यह हो रहा है कि महेंद्रगढ, भिवानी, गुडगांव

और फरीदाबाद के वे हिस्से जहां से लोग पानी की वजह से तरस रहे है। बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। डिप्टी स्पीकर साहब, पहले गर्मी के मौसम में पीने के पानी के लिए लोग कच्ची कूई खोद लिया करते थे उंटों पर पानी लाया करते थे और दो चार मील से अपने सरों पर पानी ले आया करते थे लेकिन अब जमाना बदल रहा है और हर आदमी चाहता है कि उसके घर में नलका लगा हुआ हो। अब कच्चे कुएं खोदना और उनसे पानी लेना बहुत मु कल काम हो गया है। इसका कारण यह है कि अन्डर ग्राउण्ड वाटर का लैवल इतना नीचा चला गया है कि पानी बहुत गहराई तक चला गया है मेवात के इलाके में तो पानी बहुत नीचा चला गया है। एसवाईएल का पानी जब गुडगांव नहर को मिलेगा तभी लोगों को भाान्ति मिलेगी। आज वहां के लोग सिर्फ खेती के पानी के लिए ही नहीं तरस रहे बल्कि पीने के पानी के लिए भी तरस रहे है। एसवाईएल का पानी गुडगांव नहर को मिलेगा तो मेवात का सारा इलाका उस पानी से सैराब होगा। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर यह पानी अगले पांच सात साल तक गुडगांव कैनाल को नहीं मिला, गुडगांव के एरिया में अगर यह नहर नहीं निकली तो वहां के लोग भाहर छोडने पर मजबूर हो जाएंगे। उस इलाके में जो अन्डर ग्राउण्ड वाटर है उसका लैवल हर साल दस पन्द्रह फुट नीचे चला जा रहा है क्योंकि टयूबवैल्ज बढते जा रहे है। किसान को खेती के पानी की जरूरत है नहर के पानी की जरूरत है इसलिए मेरी सरकार से गुजारि ा है कि एसवाईएल पर जोर दिया जाए। मैं यह नहीं कहता कि इस वक्त इसके लिए को ि ा ा नहीं

की जा रही है लेकिन कोई ऐसा तरीका निकाला जाए, जिससे कि हम और अच्छे ढंग से इस मामले को ज्यादा प्रैस कर सकें। इसके लिए सैन्टर्ल गवर्नमैंट पर जोर डालें या प्यार से अपने उन भाईयों को समझाएं। जो इस काम में अडचन डाल रहे है। और इतना ही नहीं वे हमारे भाई और भी आगे बढ कर इस मसले की आड में और दूसरे मसले खडे कर रहे हैं। हम उन से प्यार के ताल्लुकात कायम करें और सैन्टर्ल गवर्नमैंट से गुजारि ा करें कि वह इस नहर को जल्दी से जल्दी तैयार कराये। हमारे कुछ भाई कहते है कि हमने 47 करोड रूपया क्यों दे दिया जबकि वहा कुछ काम नहीं हुआ है। इस बारे में मैं कहना चाहता हूं कि अगर हम यह रूपया नहीं देते तो उस सरकार को और बहाना मिल जाता हमें ज्यादा नुकसान होता। एतराज तो करना बहुत आसान होता है लेकिन किसी मसले को हल करना मु कल होता है। डिप्टी स्पीकर साहब, नुकताचीनी करने से यह मसला हल नहीं होगा। हम सब को मिलकर कोई ऐसा रास्ता ढूंढना चाहिए, कोई ऐसा रास्ता अपनाना चाहिए ताकि पानी का मसला हल हो सकें और इन्सानी जिन्दगी आराम से कट सके। मैं अपने उन दोस्तों से पूछना चाहता हूं जो यह कहते है कि सरकार इस मसले को बडी आसानी से हल करने में नाकामयाब रही है लेकिन जब से पावर में थे और इस मसले को बडी आसानी से हल कर सकते थे। उस वक्त उन्होंने यह मसला हल क्यों नहीं किया। यह तो वही बात हुई जैसे कि किसी तस्वीर नवी ा ने एक तस्वीर बनाई और उसको एक जगह रख दिया और उसके साथ एक पैंसिल रख दी और

लिख दिया कि जहां से कोई खराबी है वहां पर पैंसिल का नि ाान लगा दिया जाए। कुछ दिन के बाद जब उस तस्वीर नवी ा ने उस तस्वीर को देखा तो सब जगह पैंसिल से नि ाान लगे हुए थे। उसके बाद उस आदमी ने फिर उस तस्वीर को रखा और कहा कि जहां इस तस्वीर में कमी है उसको दूर कर दिया जाए लेकिन कुछ दिन के बाद जब देखा गया तो वहां पर कोई सुधार किसी ने नही किया। यही बात हमारे अपोजी ान के भाईयों पर लागू होती है। ये कोई सुजै ान तो देते नहीं है कि यह मसला किस तरह से हल किया जा सकता है। ये केवल नुक्ताचीनी करते है। डिप्टी स्पीकर साहब, जब ये पावर में थे उस वक्त पंजाब में ये हालात नहीं थे और ये लोग आसानी से मसला हल कर सकते थे। ये हालात तो बाद में हुए है। डिप्टी स्पीकर साहब, सैन्टर्ल गवर्नमैंट ने इस मसले को हल करने के लिए जो रास्ता अपनाया है वह सही है लेकिन फिर भी मैं चाहूंगा कि जिस तरीके से भी सरकार इसको हल कर सकती है वह इसको जल्दी हल करे। इसको आसानी मसला समझ कर हल किया जाए। इसमें इंसान की भलाई छिपी हुई है। अगर महेंद्रगढ, भिवानी, गुडगांव और फरीदाबाद को पानी नहीं मिला तो वहां और मसाइल पैदा होंगे। बे ाक हमारा पैदावार का टारगेट बढ रहा है लेकिन इसका कारण यह है कि हम नए साधन जुटाकर पैदावार बढा रहे हैं। नये खेतों से दुबारा फसल ली जा रही है लेकिन जो पुराने खेत है जिनसे हम पैदावार लेते थे उनका पैदावार घट रही है। इसका कारण यह है कि हम किसान को वक्त पर न तो बिजली दे पा रहे

है और न पानी दे पा रहे है। हमारे पास बिजली की कमी है और पानी की भी कमी है। इस वजह से किसान को मेहनत, बीज और खाद बेकार जा रहे है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह सारे हिन्दुस्तान का मसला है। यह इन्सानी मसला है और इसके साथ लाखों आदमियों बच्चों और औरतों की जिन्दगी वाबस्ता है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत सरकार से अपील करता हूं कि इस मसले पर और ज्यादा जोर दिया जाए और पैसे की वजह से इस काम में कोई अडचन नहीं आनी चाहिए। अगर वे पैसा मांगते है तो वह दे दिया जाए वरना उनको बहाना मिल जाएगा कि पैसे न देने के कारण काम नहीं हो पा रहा है। दूसरी मेरी सुजै ान यह है कि अगर सैन्टर्ल गवर्नमैंट इस बात को मान जाये कि हमारे औफिसर्ज वहां पर डिप्यूट कर दिए जाए तो यह अच्छा होगा। अफसर हमारे यहां काम कर रहे हैं वे काम में डिले कर सकते है। इसलिए मेरा कहना हे कि हरियाणा के अफसर और अगर सैन्टर्ल गवर्नमैंट अपने अफसर भी भाामिल करना चाहे तो वे भी भाामिल किए जा सकते है और उनके थ्रू काम करवाया जाए। अगर वहां पर लेबर की कमी हो तो वह भी यहां से ले जाई जा सकती है। इन लफजों के साथ मैं आपका भाुक्रिया अदा करता हूं।

चौधरी प्रभू रामः आदरणीय डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपका भाुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। सब से पहले मैं अपनी सरकार से यह दरखास्त करूंगा कि मेरे हल्का सढौरा में पीने के पानी की बडी भारी किल्लत है।

इसलिये यहां पर हर तरीके से पानी की किल्लत को दूर किया जाए। टयूबवैल्ज भी लगाए जांए। पहले भी सरकार की तरफ से इस तरह की मदद की गयी है। वाटर सप्लाई की तरफ खास तवज्जो सरकार को देना चाहिए ताकि लोगों को किसी किस्म की दिक्कत न हो और उनको पीने का पानी मुहैया होता रहे। एक बार भोली वाला गांव में अग लग गई लेकिन वहां पर आग बुझाने के लिए पानी नहीं था। तालाब सूखे पडे थे। इसलिये इस समस्या को दूर किया जाए और टयूबवैल्ज के लिए स्पै ाल बिजली का प्रावधान करके पानी की सप्लाई को बहाल किया जाए। गर्मियों में वहां पर पानी न होने की वजह से मवे ाी जो हैं वे हरिद्वार चले जाते है। और बरसात आने तक वे वहां पर ही रहते हैं इससे लोगों के मन में काफी रोश और दिक्कत होती है। इसलिये सरकार को मेरे इस ब्यान पर वि ोश रूप से ध्यान देना चाहिये। वहां के लोग पीने के पानी न मिलने के कारण बडे ही परे ाान है। वहां के जो तालाब सूखे पडें उनको भरवाया जाए।

दूसरी बात मैं अपने हल्के की सडकों के बारे में कहूंगा कि जो सडकें वहां पर नही बनी है उनको जल्दी ही बनाकर अप्रोच रोडज से मिलाया जाए। एक सडक नारायणगढ गदौली रोड है वहां से वेलवाला का केवल एक किलोमीटर का टुकडा है दूसरी गोपाल मोचन धनौरा रोड से एहड वाला गांव में हरिजन, चौपाल तक की सडक भी बनने वाली है। इन अधूरी सडकों के काम को सरकार भीघ्र ही पूरा करे ताकि किसानों को

ओर दूसरे लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। इसलिए इन गांवों को लिंक रोड से मिलाया जाए।

इससे अगला प्वायंट मैं अपनी सरकार के सामने यह रखना चाहता हूं कि मेरे हल्के में बहुत से गरीब लोग बसते है। जैसे हरिजन किसान और दूसरे गरीब लोग जिनके रोजी कमाने के अपने कोई साधन नहीं है। वे गरीब फूंस का मकान बनाकर अपना निर्वाह करते है। सरकार की तरफ से जो 2000 रूपये की मकान बनाने के लिए सहायता दी जा रही है वह बहुत थोडी है। अगर सरकार इसको दो हजार से बढा कर 5000 तक कर दे तो उसकी बडी मेहरबानी होगी। कुछ न कुछ राहत तो गरीब आदमी को मिल ही जायेगी?

डिप्टी स्पीकर साहब, इससे अगली बात मैं पुलों के बारे में कहना चाहूंगा कि पावनी सरावां रोड पर चंटग नदी का पुल, सढौरा से जाते हुए गाड के इलाके मिरजा पुर रोड पर सढौरा नदी का पुल है। इनके उपर पुल बनाने का काम बीच में ही पडा है हालांकि इन दोनों पुलो को बनाने के लिये चीफ मिनिस्टर साहब वायदा भी करके आये थे। इसलिये मेरी सरकार से रिक्वेस्ट है कि इन दोनों पुलों का निर्माण जल्दी से जल्दी कर दिया जाए ताकि लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार की दिक्क्त न हो।

डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे हल्के सढौरा के साथ वाले इलाके कि ानपुरा, हल्का छछरौली में हाईडल प्रोजेक्ट की

कालोनी बनी हुई है। वहां पर वाटर सप्लाई का प्रोग्राम काफी अच्छा है टयूबवैल्ज लगे हुए है। लेकिन इस इलाके में नलके, टयूबवैल्ज और तालाब पूरी तरह से सूख गये हैं मैं सरकार से रिक्वैस्ट करूंगा कि मेरे इलाके में भी इसी तरह से हाइडल प्रोजैक्ट कालोनी जैसी सुविधाएं दी जायें ताकि लोगों को पानी की दिक्कत न रहे। दूसरी बात मैं अपनी सरकार के नोटिस में यह लाना चाहता हूं कि मेरे हल्के में नहर जमनगर्बी बनार से पानी आबपा ाी के लिये सप्लाई होता है। और उस पानी की सरकार ने पक्की नाकेबन्दी कर रखी है जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना हैस कि मेरे हल्के को खुला पानी दिया जाए क्योंकि हमने इस नहर में आने वाली जमीन का कोई हरजाना नहीं लिया कोई कीमत नहीं ली। इसलिये हमें इस नहर का पूरा फायदा होना चाहिऐ बहुत से गांव ऐसे है जिनको पानी न होने की वजह से काफी किल्लत है। इस नहर के कारण सरकार को काफी लाभ भी होता है और लोगों से आबयाना भी काफी मिलता है तो इसलिये सरकार को यह कोि ा ा करनी चाहिये कि लोगों को भी इस नहर का पानी पूरी मात्रा में मिलता रहे।

डिप्टी स्पीकर साहब, एक दो बातें कहकर मैं अपना स्था लूंगा। यहां पर ये भाई बैठे इलैक ान के बारे में बातें करते हैं। इलैक ान का ह ार इन्होंने देख ही लिया कि जनता के कितने भारी बहुमत से हमारे माननीय प्रधानमंत्री को जीता कर

भेजा है। मैं इनको इलैक ान की बात भी बताता हूं। मेरा हल्का सढौरा है मैं कांग्रेस की टिकट से जीत कर आया हूं। जिस वक्त कांउटिंग हो रही थी तो चौधरी देवीलाल जी का नाम लेकर एक घनसिंह नायब तहसीलदार वहां से आया और रिटर्निंग अफसर श्री पुरी को अपने साथ कुछ कहकर बाहर ले गया। चौधरी सूरजभान जोकि एमपी थे वे भी उस वक्त उनके साथ थे। उस वक्त कांउटिंग के हिसाब से मैं 7 वोटों से जीत रहा था केवल रिजल्ट ही बताना था। उसके बाद पता नहीं क्या हुआ इन्होंने मिल मिलाकर चौधरी भागमल को जीता हुआ डिक्लेयर कर दिया हम हैरान रह गये कि हम तो पहले 7 वोटों से जीत रहे हैं ये क्या हो गया। रिटर्निंग अफसर ने कहा कि आप रि–कांउटिंग के लिये दरखास्त दे दो। हमने दरखास्त दे दी तो उस वक्त सूरजभान एमपी कहने लगा कि कोई रि–कांउटिंग नहीं होगी। उसके बाद जो आबजर्वर उस तीन इलाकों के लगे हुए थे वे आ गये, हम उन से बोले कि हम पहले 7 वोटों से जीत रहे थे और अब हम 5 वोटों से हरवा दिये गये हैं। रि–कांउटिंग होनी चाहिये। आबर्जवर साहब ने कहा कि रि–कांउटिंग करो। रिटर्निंग अफसर ने कहा कि रिटर्निंग अफसर मैं हूं यह सारी जिम्मेवारी मेरी हैं उन्होंने कहा कि प्रभूराम जी रिकाउटिंग के लिए कह रहे थे और हम कोई दो बूथ ले लेते हैं उनकी कांउटिंग कर देते है। हमने दो बूथो के नाम बताएं उनकी काउंटिंग हुई और हमारे दो वोट निकले उसके बाद हमने दो बूथ और दिये। वहां से भी हमारी दो वोटें निकली और एक कम्युनिस्ट पार्टी की। तो उस पपर आबर्जवर ने कहा कि

फौरन इनका नाम रिकमैंड करो और फिर भी पता नहीं क्या किया गया हमारी वोटों को केन्सल करके, उनकी तरफ का फैसला दे दिया और चौधरी भागमल को इलैक्टिड घोशित कर दिया गया। इसके बााद फौरन मैं दिल्ली इलैक ान आफिस में भाग, हाई कोर्ट में अपील की और अब आप लोगों के सामने यह सारी बातें है कि हाईकोर्ट ने भी मेरे हक में फैसला दिया है। मेरी इस सरकार से रिक्वैस्ट है कि सूरजभान को तो अम्बाला की जनता ने सजा दे ही दी है और अब सरकार नायब तहसीलदार और रिटर्निंग अफसर श्री पुरी के खिलाफ एक ान ले और उचित कार्यवाही करे और पूछे कि क्यों इन लोगों ने काफी हेराफेरी दिखायी है और चौधरी भागमल जी से ढाई साल का भता वगैरह भी वापिस ले क्योंकि उस सरकारी पैसे पपर उनका कोई हक नहीं था। यह कार्यवाही भीघ्र से भीघ्र की जानी चाहिये बस मै इतना ही कहता हुआ अपनी बात को खत्म करता हुआ अपना स्था लेता हूं। जयहिन्द

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा): उपाध्यक्ष महोदय आज जो नान आफि ियल रेजोल्यू ान जोकि एसवाईएल से सम्बन्धित है यहां पर जेरे गौर है इस पर बोलते हुए हमारे विरोधी दल के भाइयों ने कहा कि जो एसवाईएल नहर है यह जल्दी से जल्दी खुदे और पंजाब सरकार ने इसे खोदने में जो देरी की है और अब जो कास्ट आफ प्रोडक ान बढी है वह सारा खर्चा पंजाब सरकार से लिया जाए। इसी विचारधारा को लेकर सभी माननीय सदस्यों ने अपने अपने विचार यहां पर व्यक्त किये

हैं। यह एसवाईएल हरियाणा की लाईफ लाईन हो गयी है और यह हरियाणा के किसानों के लिये जिन्दगी और मौत का सवाल हो गयी है क्योंकि आज जो हरियाणा में कुल पानी आ रहा हे वह 10 हजार क्सूसिक आ रहा है और वैस्टर्न यमुना कैनाल का और इसके अलावा जो टयूबवैल्ज है उनको मिलाकर जितना पानी आज हरियाणा की धरती को मिलना चाहिये वह एसवाईएल से नहीं मिल रहा है। इसलिये यह फैसला हुआ कि सारा जो टोटल पानी है उसमें 4.22 पंजाब को, 3.50 एमएएफ हरियाणा को, 8.60 एमएएफ राजस्थान को, 0.20 दिल्ली को और 0.65 जम्मू और क मीर राज्य को मिलेगा। तो इस तरह से रावी ब्यास का पानी 17.17 एमएएफ वर्क आउट किया गया। इसमें जो पानी हरियाणा को आना था उसके लिए हरियाणा ने काफी साल पहले आगे पानी लगाने के लिए अपने एरिया में नहरें बना ली है लेकिन जो पंजाब का 112 किलोमीटर का पोर ान है उसमें यह नहर नहीं बन सकी है। एसवाईएल में टोटल 10150 क्यूसिक पानी आना है जिसमें से 1400 क्यूसिक तो पंजाब में आन्नद पुर हाईडल प्रोजैक्ट के लिए होगा। 1350 क्यूसिक रोपड थर्मल प्लांट के लिए होगा और 900 क्सूसिक पंजाब के एरिया की जमीन की सिंचाई के लिए होगा। इस तरह से एसवाईएल में जो पानी आना है उसमें से 3650 क्सूसिक पानी तो पंजाब के लिए ही है और बाकी 6500 क्सूसिक पानी हरियाणा की जमीन के लिए आना है। इनका जो कास्ट है उसका अन्दाजा अक्तूबर 1981 में 2180 मिलियन लगाया गया था जो अब बढ कर जून 1984 में 2560 मिलियन हो गया है जो यह

फर्क है वह पंजाब गवर्नमैंट को देना चाहिए क्योंकि एसवाईएल की खुदाई का काम पंजाब गवर्नमैंट करवा रही है। इसलिये रैजोल्यू ान के मुताबिक इसे हरियाणा या सैंट्रल गवर्नमैंट क्यों वहन करे। इस नहर के काम पर जो टोटल स्टाफ लगा हुआ है वह पंजाब का ही लगा हुआ है। स्टाफ के बारे में भी मैं आपको बताना चाहता हू कि वहां 5 तो चीफ इंजीनियर्स है, 19 एसइज है 81 एक्सीयंज 293 एसडीओज और 786 जेईज लगाये हुए है। इसका मतलब यह है कि आगे जो लेबर है वह हजारों में है। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय इस तरह से जो एसवाईएल का ओवर हैड एक्सपैंडीचर चल रहा है वह सारा पंजाब गवर्नमैंट के हिसाब से हो रहा है। तो ऐसी स्थिति में जहां कि हमारी जिन्दगी और मौत का सवाल है और जिससे हरियाणा की कम से कम 100 करोड रूपए की फसल ज्यादा हो सकती है उसके न बनने से यह हमारा नुकसान हो रहा है। यदि यह नहर बन जाए तो हर साल हमारा सौ करोड रूपए का फायदा हो सकता है। इससे हमारी इकानोमी और किसान की हालत बहुत सुधर सकती है। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, इसके पीछे राजनैतिक कारण है। यदि हम इसकी बैक ग्रांउड में जाएं तो पता चलेगा। जब यह फैसला किया गया कि इतना इतना पानी दिया जाएगा तो उसके बाद 1977 में जनता पार्टी की सरकार आई। इसी बात को लेकर उस समय के मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल ने पंजाब सरकार के पास एक करोड रूपया जमा करवाया। उन्होंने बताया था कि पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार प्रका ा सिंह बादल ने उनसे वायदा किया है कि मीटिंग

करके इसकी खुदाई का काम भुरू करेंगे। लेकिन वह काम किस वजह से नहीं हुआ वह तो हमारे विरोधी भाई अच्छी तरह से जानते हैं और बता सकते हैं। उनका आपस में भाई चारा था इसलिये उन्होंने हरियाणा या हरियाणा के किसानों की तकलीफ के बारे में नहीं सोचा। जब 1980 में कांग्रेस की सरकार आई तो श्रीमति गांधी ने अक्तूबर 1981 मे कपूरी गांव में इस नहर की खुदाई का उदघाटन किया और वहां पर पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्री तथा दूसरे मंत्री हाजिर थे। उस समय यह फैसला हुआ कि यहां से खुदाई भुरू की जाए और उंचाई की तरफ यानि पंजाब की तरफ यह काम आगे बढता रहे। उसी समय अकालियों ने मूवमैंट छेडी कि यह खुदाई नहीं होनी चाहिए। उसके लिए उनहोंने 1981 में गिरफतारियां दी और इसकी खिलाफत की। इसको लेकर आगे उनका धर्म युद्ध चला और वह सारा सिलसिला अब तक कायम है। इसके पीछे कौन है जो एसवाईएल को खुदने नहीं देना चाहते। अकाली पार्टी चाहती है कि पंजाब में एसवाईएल न खुदे जबकि राबी ब्यास का पानी पाकिस्तान को जा रहा है। उनकी मदद ये हमारे विरोधी भाई कर रहे है। चौधरी देवीलाल ने खुद कहा कि पंजाब में अकालियों की सरकार होनी चाहिए। यह बात उनहोंने यहां हाउस मे कही थी। उपाध्यक्ष महोदय, अगर पंजाब में अकालियों की सरकार होगी तो एसवाईएल के खुदने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता क्योंकि अकाली तो आज भी धर्म युद्ध का नाम लेकर हमारे किसानों के खिलाफ इस ढंग से चल रहे हैं जबकि आज उनकी सरकार नहीं है।

चौधरी बलवीर सिंह ग्रेवालः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। ये कहते है कि अकालियों की सरकार होगी तो नहर नहीं खुदेगी। मैं जानना चाहता हू कि 1980 से इनकी सरकार चल रही है इस दौरान क्यों नहीं खुदी। तीन चार साल पंजाब में मुख्यमंत्री सरदार दरबारा सिंह रहे। (ाोर)

श्री उपाध्यक्षः आप कृपा बैठिये।

प्रो0 सम्पत सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है मंत्री जी की ख़ुाद की कलैक्टिव रिसपौसिब्लिटी है ये खुद सरकार में है। इनकी तीन साल से अपनी सरकार चल रही है और उससे पहले भी चौधरी भजन लाल मुख्यमंत्री थे। इस नहर की खुदाई का उदघाटन खुद प्रधान मंत्री करती है और वहां पर इनके मुख्यमंत्री जी भी जाते है और कहते हैं कि दो साल में यह नहर खुद कर तैयार हो जाएगी। अब कहते है कि 1987 में जाकर तैयार होगी। केंद्र की सरकार भी इनकी है और उसके नीचे भी इनकी सरकारें है। आज तो कोई अकाली सरकार नहीं है। वैसे तो गलत बातें कहने का क्या फायदा है। दो साल में नहरों में कोई आ गई है। ये लोग गांवों में तो जा नहीं सकते और यहां पर उल्टे सीधे भाशण दे रहे हैं। आप इस रैजोल्यू ान को पास क्यों नहीं करते? (ाोर)

श्री जगदी ा नेहराः उपाध्यक्ष महोदय, एसवाईएल आज का मसला नहीं है बल्कि 1977 में जब हमारे विरोधी भाई सत्ता में

थे उस समय भी यह मसला था। खुद चौधरी देवी लाल ने एक करोड रूपया पंजाब सरकार के पास जमा करवाया। उस समय सरदार प्रका ा सिंह बादल और चौधरी देवीलाल दोनों पंजाब और हरियाणा के अलग अलग मुख्यमंत्री थे। (ाोर)

12.00 बजे

उपाध्यक्ष महोदय, इनको अपनी बातें कहने का मौका मिलेगा। जिस समय इनको बोलने का मौका मिलेगा, उस समय ये कुछ भी बात कह सकते हैं। इनको इस तरह से बीच में नहीं बोलना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, 1977 से लेकर 1979 तक दो साल छह दिन चौधरी देवी लाल जी की सरकार रही। उन्होंने एसवाईएल कैनाल को मुकम्मल करवाने के लिए कोई भी कार्यवाही नहीं की।

चौधरी नर सिंह ढांडाः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है। इन्होंने यह कहा है कि दो साल 6 दिन चौधरी देवीलाल जी का राज रहा है। मैं इनको यह कहना चाहता हूं कि चौधरी देवीलाल ने इस नहर का मुकम्मल करवाने के लिए पैसा भी जमा करवा दिया था। **** (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः इन्होंने जो 1961 वाली बात की है वह रिकार्ड न की जाए।

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है।

श्री उपाध्यक्षः आप इस तरह से उनको क्यों इन्टरप्ट कर रहे हैं। अब कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं होगा। आप कृपया बैठ जाएं। (ाोर एवं विघ्न)

श्री जगदी ा नेहराः डिप्टी स्पीकर साहब, जो वास्तविकता है यदि वह हम कह दें तो मेरे विरोधी पक्ष के भाईयों को सुनने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। मैं जो भी बात कहूंगा वह सही कहूंगा कोई गलत बात नहीं कहूंगा। मेरे विरोधी पक्ष के भाईयों को इस तरह से बीच में इन्टरप्ट नहीं करना चाहिए। आपको भी बोलने के समय मिलेगा आपकी जो मर्जी आए वह बात करें। उपाध्यक्ष महोदय, 1977 से लेकर 1979 तक 2 साल 6 दिन तक इनका राज रहा और चौधरी देवीलाल जी मुख्यमंत्री रहे उस समय उन्होंनें एसवाईएल कैनाल को मुकम्मल करवाने के लिए कोई भी कार्यवाही नहीं की। उन्होंने इस चैनल को खुदवाने के लिए केवल एक करोड रूपया पंजाब सरकार के पास जमा करवाया था इसके अलावा न उन्होंने इसके लिए कोई लैंड एक्वायर करने की कार्यवाही के लिए पंजाब सरकार को कहा और न ही उन्होंने कोई दूसरी कार्यवाही की। जितनी भी इस चैनल को मुकम्मल करवाने के लिए कार्यवाही हुई है वह उनके राज के बाद हुई है। उन्होंने किसानों की भलाई के लिए इस नहर को मुकम्मल करवाने के लिएकोई भी कार्यवाही नहीं की। (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः आप इस तरह से इनको बीच में इन्टरप्ट क्यों कर रहे हैं आपको भी बोलने का मौका मिलेगा। (ाोर)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। नेहरा साहब कुछ भी कहें लेकिन वे इस बात को डिसटॉर्ट न करे कि चौधरी देवीलाल जी के जमाने में एसवाईएल नहर के लिए पंजाब के एरिया में लैंड एक्वायर नहीं हुई थी। मैं इनको बताना चाहता हूं कि उनके जमाने में एसवाईएल नहर की खुदाई के लिए बाकायदा पैसा दिया गया था और 7 किलोमीटर की लैंग्थ में जमीन भी एक्वायर हुई थी। इसको आप डिसटार्ट न करें।

श्री जगदी ा नेहराः उपाध्यक्ष महोदय, यह बात तो मैं पहले ही अर्ज कर चुका हूं कि चौधरी देवीलाल जी ने एसवाईएल नहर खुदवाने के लिए पंजाब सरकार को एक करोड रूपया दे दिया था। पैसा जमा करवाने के अलावा उनका यह फर्ज बनता था कि उस समय वे किसानों की भलाई के लिए एसवाईएल चैनल को मुकम्मल करवाने के लिए कोई न कोई कार्यवाही करते। समय वे हरियाणा के किसानों की भलाई के लिए बडे उत्सुक होते थे। और हरियाणा के किसानों को सुविधाएं देने के लिए काफी लालायित होते थे इसलिए उनको यह चैनल मुकम्मल करवाने के लिए कोई न कोई कार्यवाही करनी चाहिए थी। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, उस समय पंजाब में अकाली पार्टी की सरकार थी और वे चौधरी देवीलाल जी के साथ मिल कर सुप्रीम कोर्ट में गए ताकि यह मामला 10 साल तक सुप्रीम कोर्ट में लटका रहे और एसवाईएल कैनाल न बने। यह इनकी अकाली पार्टी के साथ

गांठसांठ थी। चौधरी देवीलाल जी और अकाली पार्टी मिल कर सुप्रीम कोर्ट में गए थे। (ाोर एवं विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है इन्होंने अब एक और नई बात कह दी। इनको इतनी बेसलैस बात नहीं कहनी चाहिए। ********** (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः कैबिनेट में लेने वाली बात रिकार्ड न की जाए। (ाोर एवं विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, ********** (ाोर एवं विघ्न)

श्री जगदी ा नेहराः उपाध्यक्ष महोदय, चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने जो बात कही है। मैं उसकी तो ताइद कर रहा हूं कि उन्होंने उस समय एक करोड रूपया दिया था। चौधरी देवीलाल जी अकालियों के साथ मिल करके सुप्रीम कोर्ट में गए थे। उस समय अकाली यह चाहते थे कि यह मसला 10 साल में सुप्रीम कोर्ट में लटका रहे। ********** (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः नेहरा साहब इस बारे में मैं पहले ही कह चुका हूं कि कैबिनेट वाली बात रिकार्ड न की जाए। (ाोर एवं विघ्न)

लोक निर्माण मंत्री (चौधरी अमर सिंह): डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। डिप्टी स्पीकर साहब,

एसवाईएल नहर हरियाणा की लाईफ लाईन का सवाल है और आप देख रहे हैं कि अपोजी ान के माननीय सदस्य बीच में किस तरह से टोकाटाकी कर रहे हैं इनको इस तरह से नहीं करना चाहिए। मेरे विरोधी पक्ष के माननीय सदस्यों को मैं बताना चाहता हूं कि 1961 मैं तो हरियाणा बना ही नही था। हरियाणा 1966 में बना है। इतना जरूर मसला डिस्कस हो रहा है इनको इस तरह से बीच में टोकाटाकी नहीं करनी चाहिए। (ाोर)

चौधरी नर सिंह ढांडाः डिप्टी स्पीकर साहब, इनकी यह बात ठीक है कि हरियाणा 1966 में बना था। .... (ाोर एवं विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है मैं चौधरी अमर सिंह जी की सेवा में एक भोर अर्ज करना चाहता हूं..... (ाोर)

श्री उपाध्यक्षः मेरी इजाजत के बगैर जो कुछ बोला जा रहा है वह रिकार्ड न किया जाए। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी अमर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, ... (ाोर एवं विघ्न)

प्रो0 सम्पत सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, ... (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः कुछ भी रिकार्ड नहीं किया जाएगा। (ाोर)

श्री अध्यक्षः आप पर्सनल बातों को छोडिए। नेहरा साहब, आप अपनी बात कहिये।

श्री जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, 1977–79 के दौरान विरोधी पक्ष के भाइयों ने अकाली भाईयों के साथ मिलकर इस मामले पर कोई फैसला नहीं किया। इनके दिलों में मैलापन था जिसकी वजह से यह केस कोर्ट में गया। ये अकाली भाईयों को ना खु ा करना नहीं चाहते थे और न ही उनका विरोध कर सकते थे इसलिए उस दौरान कोई कार्यवाही नहीं की। सन 1980 में जब दुबारा कांग्रेस पार्टी पावर में आई तो इस पर काम फिर भाुरू हुआ। जब काम भाुरू हुआ तो अकाली पार्टी ने विरोध करना भाुरू कर दिया कि पंजाब में एसवाईएल को नहीं खुदने देंगे। उन्होंने इस बात पर मोर्चा लगाकर गिरफतारी दी और जो आन्दोलन एक एसवाईएल नहर न खोदने के बारे में चला था वह बाद में धर्मयुद्ध में बदल गया। उसके बाद जो हालात हुए और यह आन्दोलन जिस चरम सीमा पर पहुंचा वह सब को पता है। इस आन्दोलन ने श्रीमति इंदिरा गांधी को भी मौत के मुंह में ले लिया। जब पिछली विधान सभा में चौधरी देवी लाल जी आए थे तो उन्होंने खुद यहां पर कहा था कि पंजाब के अन्दर अकाली पार्टी की सरकार होनी चाहिये। ये अकाली पार्टी को प्लीड करते हैं कि उनकी सरकार हो। इसका मतलब यह है कि हमारे विरोधी

पक्ष के भाई अकालियों से सांठ गांठ कर रहे है कि एसवाईएल न खुदे। इस नहर के न खुदने से किसानों को नुकसान हो रहा है उनकी जीवन तबाह हो रहा है। इस साल तो बारि ा भी नहीं हुई जिस कारण किसानों को सूखे का सामना करना पड रहा है। यदि एसवाईएल नहर खुद कर तैयार हो जाती है तो इससे पंजाब को भी फायदा होगा। पंजाब का जो आन्नदपुर हाईडल प्रोजैक्ट या रोपड का थर्मल प्लांट है उसका संबंध भी इस नहर से है। यदि यह नहर चालू हो जाती है तो इन प्रोजैक्टस से पंजाब वाले अपने लोगों के लिये बिजली पैदा कर सकेंगे। दूसरे वे इस पानी को अपनी सिंचाई के लिए भी उपयोग में ला सकेंगें। अकाली भाई कांग्रेस पार्टी वालों की कोई बात नहीं मानते। यदि यह नहर बन जाती है तो पंजाब को भी फायदा होगा लेकिन अफसोस की बात है कि हमारे जो विरोधी पक्ष के भाई हैं उन्होंने कभी भी एक लफज अकाली भाईयों को नहीं कहा कि इस नहर को खुद लेने दो। आज पानी हरियाणा में आने की बजाये पाकिस्तान को जा रहा है। दूसरे पंजाब के अन्दर इस पानी की वजह से सेम हो रही है। विरोधी पक्ष के भाइयों ने या जो इनके लीडर है इनहोंने कभी भी प्रैस में स्टेटमैंट नहीं दी कि अकाली वार्ता की टेबल पर आएं और इस समस्या को सुलझाएं। इन्होंने कभी उनको नहीं कहा कि इस पानी से हरियाणा के लोगों के हित जुडे हुए है। (विघ्न)

श्री भागी रामः सरकार किसकी है?

श्री मनफूल सिंहः मंत्री जी काफी देर से यही बोल रहे है कि अकालियों की सरकार ने यह किया, अकालियों की सरकार ने वह किया। अब पीछे तो अकालियों की सरकार नहीं थी अभी भी वहां पर राश्ट्रपति भाासन लागू है। ..... आपको इस बात के बारे में पता ही है। अकालियों का नाम बदनाम किया जा रहा है। यह गलत बात है। यह इनको नहीं कहना चाहिए। (ाोर) यह बडा सीरियस मामला है। (ाोर)

श्री अध्यक्षः आप बैठ जाइये।

श्री जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, यदि हमारे विरोधी पक्ष के भाई चाहते हैं कि यह नहर बने और यहां के किसानों को पानी मिले ताकि उनकी जिन्दगी बेहतर हो तो उन्होंने सीरियस होकर अकालियों से कहना चाहिए कि एसवाईएल नहर की खुदाई का माहौल तैयार होने दें। ये उनको कहें कि नहर की तो खुदाई होने दो बाकी मसले बाद में हल होते रहेंगे। इन्होंने उनको कहना चाहिए कि आंदोलन को छोडकर कम्परोमाईज करें। इनके जितने भी लीडर है वे कहते कुछ हैं और करते कुछ है। अब मैं चौधरी देवीलाल जी के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। (विघ्न)

श्री भागी रामः इनको तो सोते समय भी चौधरी देवी लाल जी ही नहर आते हैं। (विघ्न)

श्री जगदी ा नेहराः चौधरी देवीलाल जीको भी तो मैं ही नजर आता हूं।

श्री भागी रामः उनका नाम बार बार क्यों लिया जा रहा है? आप तो ि ाक्षा मंत्री है। (विघ्न)

श्री जगदी ा नेहराः मैं चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी का नाम नहीं ले रहा। उनका नाम इसलिए ले रहा हूं कि वे मुख्यमंत्री रह चुके है।

श्री मनफूल सिंहः स्पीकर साहब, मैं इन्हें सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं कि इमारत बनाने वाले इमानत बना बहरे तला तल पर, किनारों पर मत बना, अकसर डूब जाते है।

श्री जगदी ा नेहराः किनारे की बात तो विपक्ष वाले भाई ही करते हैं कांग्रेस पार्टी तो नीवं की गहराई में जाकर मकान बनाती है। स्पीकर साहब, मैं चौधरी देवी लाल जी के बारे में यह कह रहा था। (ाोर एवं विघ्न)

श्री अध्यक्षः आप चौधरी देवी लाल जी का नाम भी सुनना नहीं चाहते।

श्री भागी रामः इनको तो चौधरी देवी लाल का भूत नजर आता है। (हंसी) मैं आपको बता देता हूं कि अब की बार चौधरी देवी लाल जी ने रोडी हल्के से चुनाव लडना है अब की बार चौधरी देवी लाल आपकी जमानत जब्त करवायेंगे। (विघ्न) लगता है कि आपको अमृतसर हस्पताल में दाखिल कराना पडेगा। (हंसी)

श्री जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, जब 1982 में असैम्बली बैठी थी तो मैंने उस समय इनके नेता को कहा था कि आप मेहम से इस्तीफा दे दें और मैं रोडी से इस्तीफा दे देता हूं। दोनों के इस्तीफा देने के बाद फिर हम चुनाव लडेंगे। उसके बाद पता लग जायेगा कि कौन कितने पानी में है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री भागी रामः मैं आज भी छाती पर हाथ रखकर कहता हूं कि आप अपना इस्तीफा देकर चुनाव लड कर दिखा दें। अब की बार जो चुनाव होंगे। उन में आप लोगों को पूरी तरह से फिट कर देंगे।

श्री जगदी ा नेहराः मैं यही तो चाहता हूं कि वहीं आये उनको पूरी तरह से फिट कर देंगे। अध्यक्ष महोदय, अब मैं चौधरी वीरेन्द्र सिंह का नाम लूंगा। (व्यवधान) भाायद चौधरी वीरेन्द्र सिंह का नाम भी ये सुनना नहीं चाहते। (व्यवधान) स्पीकर साहब, अगर चौधरी वीरेन्द्र सिंह का नाम भी ये सुनना नहीं चाहते तो मैं चौधरी चरण सिंह का नाम ले लेता हूं। एसवाईएल से संबंधित जितने भी आदमी है मैं उनका नाम लेना जरूरी समझता हूं। चौधरी चरण सिंह ने अकालियों के बारे में जो स्टैंड लिया था उसकी सारे मुलक में प्र ांसा की थी। सब ने कहा था कि अच्छा स्टैंड लिया था लेकिन जब हरियाणा और पंजाब की बात आई थी उस वक्त चौधरी वीरेन्द्र सिंह ने जो स्टैंड लिया था वह बहुत गलत लिया था। आप भी अकालियों के साथ इनका गठबन्धन है इनका भाईचारा है इनका मेल मिलाप है और प्यार है। जब इतना

प्यार है तो जाएं और अकालियों से कहें कि वे एसवाईएल की खुदाई कम्पलीट होने दे और हरियाणा के पानी के रास्ते में कोई अडचन न अडाये। स्पीकर साहब, ये किसान के बडे हमदर्द बनते हैं। जब भाखडा मेन लाईन टूटी थी तो सिवाये श्रीमति चन्द्रावती के तमाम विरोधी सदस्यों में से कोई भी वहां नहीं गया और न ही कुछ कहा। इसलिए विरोधी पक्ष के सदस्य एसवाईएल के लिए रेजोल्यू ान ला सकते है। लेकिन मैं इन्हें बता देना चाहता हूं कि यह मामला पक्ष और विपक्ष का नहीं है। सारे हरियाणा मामला है और सारे भाई यही चाहते हैं कि हमारा हिस्सा 6500 क्यूसिक है और 3650 क्यूसिक पंजाब का हिस्सा है। हमारा सारा पानी हरियाणा में आये और हरियाणा की धरती, जिसमें वि ोशकर महेंद्रगढ, भिवानी, सिरसा, फरीदाबाद और गुडगांव जिलों का एरिया आता है की सिंचाई हो ताकि किसान की हालत सुधरे। मैं यही दुर्खास्त करूंगा कि एसवाईएल पर जो वहां खर्चा हो रहा है उसको हरियाणा सरकार अपने जिम्मे ले ले। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं। जय हिन्द

अध्यक्ष द्वारा घोशणा–

पंजाब यूनिवर्सिटी सैनिट के लिए इलैक ान सम्बन्धी

Mr. Speaker: Hon. Members, Shri Kanwal Singh, MLA has withdrawn his name for election to the Senate of the

Punjab University. Therefore the time of withdrawal may be treated to have been extended till day.

After this withdrawal only two members are left, namely Shri Inderjit Singh and Shri Ram Bilas Sharma, for two vacancies. They may therefore be deemed to have been declared elected to serve on the Senate of the said University.

Shri Verender Singh: You have granted the time for extension, Sir. Thank you for it.

गैर सरकारी प्रस्ताव पर चर्चा (पुनरारम्भ)

डा0 भीम सिंह दहिया: स्पीकर साहब, सदन के सामने सर्वश्री फतेहचन्द और देवीदास की तरफ से जो प्रस्ताव आया है कि एसवाईएल की कंस्ट्रक ान का काम पंजाब सरकार के हाथों से ले लिया जाए और या हरियाणा सरकार को दे दिया जाए या किसी सैन्टर्ल एजेंसी को दे दिया जाए यह बहुत अच्छा प्रस्ताव है। मैं इसका समर्थन करता हूं। यह प्रस्ताव सदन के सामने कई बार आ चुका है पता नही सरकार को क्या आपति है क्यों नहीं इसको पास किया जाता। बार बार ट्रेजरी बैंचिज की तरफ से यही सुनने को मिलता है कि अकालियों ने आन्दोलन कर दिया, उग्रवादियों या अकालियों ने एसवाईएल को नहीं बनने दिया। ये हमारे उपर भी इल्जाम लगाते हैं कि विरोधी पक्ष जो हरियाणा का है उसके अकालियों से अच्छे सम्बन्ध है और विरोधी पक्ष इस सम्बन्ध को हरियाणा के हित में इस्तेमाल नही करता। ये हम से चाहते हैं कि उनको विरोधी पक्ष समझाये कि वे इस नहर को बनने दें। स्पीकर

साहब, मेरी समझ में यह बात नहीं आती कि भारत सरकार इस मामले में बेबस क्यों हो गई? क्यों नहीं ये खुदवाई का काम कम्पलीट करवा सके? इसका मतलब यह हुआ कि ये हमारे रहम पर है कि हम अकालियों को कहें कि नहर खुदने दो, तब भाायद खुद जाए। मुझे इसमें तथ्य नजर नहीं आता। इसका असल कारण और है जो ट्रेजरी बैंचिज के भाई कहना नही चाहते। स्पीकर साहब, मुझे जो पता चली है वह मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं। हमने सुना है कि 20 लाख रूपया एक कंट्रैक्टर का बैलेंस मे पडा हुआ है। इस रकम को अदा नहीं किया जा रहा। ऐसे ही और भी केसिज है जिनकी पैमेंट नहीं हुई है। बहरहाल जब तक काम करने वाले आदमी को पैमेंट नहीं होगी। कंट्रैक्टर्ज की रकम अदा नहीं की जाएगी तो वह काम कैसे करेगा? लोग काम छोड छोड कर जा रहे हैं म ानरी छोड छोड कर जा रहे हैं। स्पीकर साहब, यह भी सुनने में आया है कि इस सिलसिले मे पीछे भारत सरकार ने जो मीटिंग बुलाई थी उस मीटिंग मे भारत सरकार ने कहा था कि हरियाणा हर महीने 5 करोड रूपया देगा और पंजाब 1 करोड रूपया देगा मैने सुना है कि 47 करोड रूपया बैंलेस है जो हरियाणा सरकार ने देना है। हरियाणा सरकार को रकम की पेमैंट कर देनी चाहिए थी। लेकिन नही हुई, क्यों नहीं हुई इसके कारणों पर सरकार की तरफ से अभी तक कोई प्रका ा नहीं डाला गया। हरियाणा सरकार बार बार एक ही रट लगाए रखती है कि अकाली लोग नहर नहीं बनने देते। स्पीकर साहब, मैंने यह भी सुना है कि जो गांव इस एरिया से उठाए गए है उनको सरकार ने

मुआवजा देना है। हरियाणा के हिस्से में मुआवजे का 50 करोड रूपया आता है। यह रकम अभी बकाया है हरियाणा सरकार अभी तक दे नहीं पाई है। कसूर सरकार का अपना है और बलेम किसी और को दिया जा रहा है कि हम अपोजी ान वाले नहीं बनने देते। यह सब बहानेबाजी है। मेरी समझ में नहीं आता सरकार ऐसा क्यों नहीं बनने देते। यह सब बहानेबाजी है। मेरी समझ में नहीं आता सरकार ऐसा क्यों कर रही है। लेकिन सच तो यह है कि ये असल बात का सामना नही करना चाहते। एक तरफ कांग्रेस के भाई यह कहते हैं कि वहां अपोजी ान के भाई गये ही नहीं और दूसरी तरफ वहां पर फौज लगा दी है और फिर कहते हैं कि पुलिस बडी कामयाब है सारी स्टेट में पूरा कंट्रोल है बडा पीस है और सब कुछ है। अगर ऐसा है तो फिर दिक्कत क्या है। क्यो नहीं खुदवाई यह नहर? स्पीकर साहब, भारत सरकार की तरफ से एक और तो यह बयानबाजी की जाती है कि बडा पीस है स्टेट पर पूरा कंट्रोल है और दूसरी तरफ क्या कारण है कि पीस होते हुए भी एसवाईएल न बने? इन दोनों बातों मे बडा अन्तर है और दोनों बातें एक दूसरे को कंट्राडिक्ट करती है। लेकिन इन दोनों बातों के पीछे यह भेद छुपा हुआ है। इसलिए मैं कहता हूं कि इस प्रस्ताव को जल्दी से जल्दी पास कर दिया जाए क्योंकि हो सकता है पंजाब सरकार जो कांग्रेस सरकार है बहानेबाजी करती हो और अकालियों का नाम ले लेकर उनको बदनाम करती हो। पंजाब सरकार का तो अपना वैस्टिड इन्ट्रेस्ट है। वह नहीं चाहती की हरियाणा को पानी मिले। अकालियों की बात नहीं है यह पंजाब

सरकार की बात है जो कांग्रेसियों की सरकार है यहीं लोग नहर बनने नहीं देते। अकालियों को वैसे ही बदनाम किया जा रहा है स्पीकर साहब, एक बात और कही जाती है कि हम वहां पर बनती हुई एसवाईएल नहर को खोदने नहीं गये, हमने इस सिलसिले मे कुछ नहीं किया कोई ब्यानबाजी नहीं की। भाायद इनको ध्यान नहीं भूल गये, हमने यहां तक बयान दिया था कि अगर हरियाणा के हितों के साथ खिलवाड किया गया। हरियाणा के साथ इनजस्टिस हुआ और हमारा इन्ट्रैस्ट प्रोक्टैक्ट नहीं हुआ तो हमने पहले ही इस्तीफा दे रखा है और जिस दिन ऐसा हो गया, हम इस सदन मे नहीं बैठेगें जिस दिन हरियाणा के साथ अन्याय होगा।

स्पीकर साहब, मैं तो आपसे प्रार्थना करूंगा कि आप एक हाउस की कमेटी बना दें जिससे हम भी हों ताकि 5–7 आदमी जाकर देख लें कि क्या काम हुआ है क्योंकि सरकार की तरफ से हाउस में कवै चन के जवाब में तो अलग जवाब आ रहा है और बजट में अलग बात कही जा रही है। कभी कहते हें कि 50 किलोमीटर फेजिज में काम हो गया है कभी कहते हें कि बहुत काम हो गया और कभी कहते हैं और कभी कहते है कि काम नहीं हो पा रहा है। फिर कभी कहते हैं कि काम दो साल में हो जाएगा कभी 1983 की बात कहीं गई फिर 1985 की बात कही गई और अब 1987 का टारगैट रख दिया गया है। अगर इसी तरह से ये हर बार दो दो साल आगे चलते जाएंगे तो काम कभी पूरा नहीं

होगा। (विघ्न) हमें पता है कि अभी वहां कोई काम नहीं हुआ है। इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि हाउस की एक कमेटी बना दी जाए ताकि ऐक्चुअल काम का पता लग जाए और हमे गुमराह न किया जाए। स्पीकर साहब, यहां यह भी कहा गया कि पंजाब सरकार काम में दिलचस्पी नहीं ले रही है। अध्यक्ष महोदय, अगर वहां की सरकार इतनी नकारा है और अकालियों की इतनी हिम्मत है कि वे काम को नहीं होने देते तो उस काम को किसी सैन्टर्ल एजैन्सी को सौंप दिया जाए या हरियाणा सरकार को सौंप दिया जाए। इन भाब्दों के साथ मैं प्राथना करूंगा कि इस प्रस्ताव को पास किया जाए।

श्रीमति भाारदा रानीः माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे सामने जो प्रस्ताव बहस के लिए मौजूद है वह एसवाईएल नहर के निर्माण के बारे में है। इसमे कोई दो राय नही कि एसवाईएल नहर का निर्माण जल्दी हो जाए। इस बात को हरियाणा का एक एक आदमी एक एक किसान, खेत में काम करने वाला एक एक व्यक्ति, चाहे कोई गांव मे रहने वाला है या भाहर में रहने वाला है उत्सुकता की नजर से देख रहा है। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि हमारा इलाका ही नहीं बल्कि हरियाणा का लगभग दो तिहाई से अधिक हिस्सा सूखा एरिया है और यदि कहीं मौसम जैसा इस साल रहा है वैसा ही हर साल हो जाए तो सब लोगों के लिए परे ाानी की बात हो जाती है। हमारी जमीन के नीचे बहुत अच्छा पानी नहीं है और उपर नहरों का पानी भी बहुत कम हैं।

एसवाईएल नहर से साढे तीन मिलियन एकड फीट पानी हरियाणा में आएगा। इसके लिए बहुत समय पहले से हमारे यहां इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार पडा है। खाल खुदे पडे हैं नहरे खुदी पडी है लेकिन अब वे सब नेस्तानाबूदउ होती जा रही है। इस नहर का बहुत जल्दी तैयार होना हमारे लिये बहुत जरूरी है। यह खु ाी की बात है कि इस नहर का काम चल रहा है। मुख्यमंत्री जी ने और इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर ने इस बारे में स्थिति यहां बताई थी कि काफी काम वहां हो चुका है और जल्दी ही इस नहर का काम पूरा हो जाएगा। इस समय यह पानी पहले अपने दे ा से बाहर जा रहा है पंजाब से बाहर जा रहा है। इस नहर के बनने से इस पानी का अच्छी तरह से इस्तेमाल हो जाएगा। अध्यक्ष महोदय, आप जरा इस प्रस्ताव की भाशा पढिए। इसमें लिखा है कि–'यह सदन राज्य सरकार से सिफारि ा करता है कि वह केंद्रीय सरकार से बात करें कि पंजाब क्षेत्र में एसवाईएल नहर के निर्माण कार्य को पंजाब सरकार से वापिस लिया जाए तथा उसके निर्माण कार्य में विलम्ब को टालने के लिए हरियाणा सरकार को सौंपा जाए। आगे यह सिफारि ा करता है कि उस समय के अनुमानो के अनुसार निर्माण की लागत, यदि कोई, कार्य करवाने में विलम्ब के कारण अब बढ गई हो तो वह अब पंजाब सरकार द्वारा वहन की जाए।'

अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि अन्तर्राश्टीय सरकार के आपसी व्यवहार के कुछ नार्मज होते हैं कुछ तरीके होते हैं

कुछ म्यूचुअल अन्डरस्टैंडिग होती है जो परम्परा से चली आ रही है। यह ठीक है कि वह बात तय की हुई नहीं है लिखित बात नहीं है लेकिन वह एक अन्डरस्टूड ऐग्रीमैंट होता है। अगर एक राज्य के अन्दर काम होना है तो दूसरा राज्य जिसके लिए वह काम होना है वह उसी राज्य की सरकार के द्वारा काम करवाएगा। इन लिमिटस को आपसी रिले ान्ज को इतनी आसानी से तोडना सभंव नहीं है। इस नहर के निर्माण में अब भी जो देरी हुई है उसके बारे में इनको अच्छी तरह से मालूम है कि वह किस हालत में हुई है। हमारे विरोधी भाई अकालियों के साथ खातेपीते रहे हैं। मिल कर इलैक ान लडते रहे हैं। और कांग्रेस पार्टी की सरकारों के विरोध में योजनाएं बनाते रहे हैं। ये प्यार से बैठकर उन्हें समझा सकते थे कि आप भी इसी दे ा के हैं और हम भी इसी दे ा के हैं। साढे तीन मिलियन एकड फीट पानी जो इस समय पाकिस्तान मे जा रहा है उसे अपने ही दे ा में प्रयोग करने के लिए इस नहर को बन जाने दो। इस पर क्यों हल्ला गुल्ला मचाते हो। स्पीकर साहब, यह हल्ला गुल्ला कब मचा? इसी जड कहा हैं। यह देखने वाली बात है। जब चंडीगढ के बारे में फैसला हुआ जब राबी ब्यास का पानी जो पाकिस्तान को जा रहा है हरियाणा को देने का निर्णय हुआ, तभी ये सारे ऐजिटे ान्ज भाुरू हुए है तभी से सारी बातें पैदा हुई है। इसका मतलब यह है कि वे लोग नहीं चाहते कि पानी हरियाणा को मिले लेकिन ये लोग बडे आराम से उनके साथ मिलकर बैठते हैं खाते हैं और पीते हैं। (विघ्न) इन्हें चाहिए था कि ये उनके विरूद्ध वक्तव्य देते। उनका

खुल्मखुलला विरोध करते। ये उनसे कहते कि आप दे ा के पानी को पाकिस्तान मे जाना तो पसन्द कर रहे हैं लेकिन अपनी पडौसी स्टेट को अपने से ही अलग होकर जो हिस्सा एक स्टेट बना है यानि हरियाणा को जहां बिल्कुल सूखा पडा है पानी देना नहीं चाहते। जो कि एक गलत बात है। अध्यक्ष महोदय, उनकी सारी धार्मिक मांगे, सारे ऐजीटे ान्ज उग्रवादी विचारधारा और खालिस्तान की मांग इसी बात के उपर है कि हरियाणा को पानी न दिया जाए। हमारे विरोधी भाईयो को चाहिए कि इन सारी चीजों को सामने रखकर ये उनके विरूद्ध वक्तव्य दे। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, यह बात ठीक है कि पंजाब में भी सब लोग इस तरह के कामों में भाामिल नहीं हैं उसमें भी तरह तरह के ग्रुप्स हैं तरह तरह की विचाराधारा है लेकिन जो लोग इस विचारधारा के हैं कि पाकिस्तान को तो पानी चला जाए लेकिन हरियाणा को पानी न मिले उनको राश्ट्रद्रोही की कहा जाएगा। राश्ट्रप्रेमी व्यक्ति नहीं कहा जा सकता। स्पीकर साहब, हरियाणा को यदि पानी मिल जाए तो उसका लाभ पंजाब को भीहै क्योंकि एक गांव में यदि हरियाली होती है तो पडौसी गांव पर भी उसका असर पडता है एक राज्य अगर हरा भरा होता है तो दूसरे राज्य पर भी उसका असर पडता है अगर हरियाणा के अन्दर पानी आएगा तो उसके खेत हरे भरे होंगे तो उसका लाभ पंजाब को भी होगा, पंजाब मे जो अकाली रहते हें उनको भी होगा। अध्यक्ष महोदय, जब कांग्रेस पार्टी की सरकार आई तो हमारी पूज्य स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी जी इस नहर का ि ालान्यास करके आई थी और

तबसे इसके निर्माण का काम चल रहा है। यह बात अलग है कि उसके निर्माण में कुछ देर हो रही है। इस देर के भी कई कारण हो सकते हैं। कुछ तो टैक्निकल कारण हो सकते हैं। हो सकता है कि वहां काम करने वाले कुछ लोगों की मनोवृति भी इसकी देरी का एक कारण हो। वे भी भाायद न चाहते हो कि उस राज्य से पानी किसी दूसरे राज्य में जाए। इसलिए इस सरकार को दोशी ठहरा देना या यह नतीजा निकाल लेना कि पंजाब सरकार इस काम को नहीं करना चाहती है ठीक बात नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मैं इन भाईयो से यह पूछना चाहती हूं कि यदि वे लोग पंजाब सरकार को उस नहर को नहीं बनाने देते तो वे हरियाणा सरकार को कैसे बनाने देंगे? स्पीकर साहब, इन्होंने यह जो प्रस्ताव दिया है यह माना कि एक बहुत महत्वपूर्ण मुददे का नाम इसके अन्दर है लेकिन इसकी भाब्दावली के मैं तो बिल्कुल विरूद्ध हूं। यह बात इस तरीके से हो सकती है कि ये इस प्रस्ताव को वापिस ले लें और ट्रैजरी बैंचिज की तरफ से एक प्रस्ताव आए जिसमें काम को जल्दी से जल्दी ऐक्सपेडाइट करवाने की सिफारि ा पंजाब सरकार से की जाएं। अगर हमें लगे कि काम में कुछ ढील है पंजाब सरकार को इसे ऐक्सपेडाइट करवाने में कोई मजबूरी सामने आ रही है तो हम भारत सरकार से निवेदन करें कि वह उनको कहे कि काम को जल्दी से जल्दी करें ताकि जो साढे तीन मिलियन एकड फीट पानी हरियाणा को मिलना है वह हमें मिले क्योंकि हरियाणा के लोग बडी उत्सुक्ता से पानी का इंतजार कर रहे हैं लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि यह जो

प्रस्ताव आया है यह गलत भाब्दावली के अन्दर आया है इसलिए यह प्रस्ताव इनको वापस ले लेना चाहिये।

चौधरी फूल चन्दः अध्यक्ष महोदय पहले तो मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने बोलने के लिए समय दिया। आज सदन के सामने बडे ही महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है। प्रस्ताव इस प्रकार है–

'यह सदन राज्य सरकार से सिफारि ा करता है कि वह केंद्रीय सरकार से बात करें कि पंजाब क्षेत्र में एसवाईएल नहर के निर्माण कार्य को पंजाब सरकार से वापिस लिया जाए तथा उसके निर्माण कार्य में विलम्ब को टालने के लिए हरियाणा सरकार को सौंपा जाए। आगे यह सिफारि ा करता है कि उस समय के अनुमानो के अनुसार निर्माण की लागत, यदि कोई, कार्य करवाने में विलम्ब के कारण अब बढ गई हो तो वह अब पंजाब सरकार द्वारा वहन की जाए।'

अध्यक्ष महोदय, इस सदन के सभी माननीय सदस्य इस बात से चिन्तित है कि एसवाईएल नहर जिसके बनने में बडी देरी हो रही है वह हरियाणा के जन जीवन का प्रतीक है और सबकी हार्दिक इच्छा है कि इस नहर की जल्द से जल्द खुदाई होनी चाहिए। उस नहर में पानी आने से हरियाणा के लोगों के जीवन में एक खु ाी की लहर आयेगी और यह पानी उस क्षेत्र में जायेगा जो बिना सिचांई के पडे हैं। स्पीकर साहब आप जानते हैं मेरा

और आपका क्षेत्र तो पास ही पास लगते हैं। उन क्षेत्रों में सिचांई के साधन नहीं है। अम्बाला, भिवानी, महेंद्रगढ और गुडगांवा के क्षेत्रों में पानी की कोई सुविधा नहीं है। कई जगह तो ऐसी है जहां पर पीने और सिंचाई के लिए पानी नहीं है। (विघ्न) मास्टर ि ाव प्रसाद के अम्बाला भाहर के इलाके को भी भाामिल कर लेगें क्योंकि वहां पीने क पानी की दिक्कत है। स्पीकर साहब, पंजाब के भाई खु ा तो जरूर है। कि पंजाब अलग हो गया लेकिन जब पंजाब और हरियाणा एक था तो पंजाब वाले भाई हरियाणा के नाम को इस्तेमाल करते थे। हरियाणा उनकी मांग पर बना था। जब हम लोग पंजाब से अलग हुए तो हमारा क्षेत्र पिछडा हुआ था क्योंकि जो पैसा हमारे क्षेत्र का था वह पंजाब में ही लगता था और हरियाणा यों ही वीरान पडा रहता था। हरियाणा बनने के बाद ही हमारे एरिया के लोगौं की उन्नति हुई। आज हरियाणा उन्नति के लिहाज से दे ा में प्रथम नम्बर पर है। स्पीकर साहब, जब भी कभी चर्चा चलती है तो पंजाब के भाई बडे मान और खुले भाब्दों में कहते हैं। कि हमें करनाल तक का एरिया मिलना चाहिए। अम्बाला की तो एक पोजी ान है कि जैसे यह उनके बीच में ही है लेकिन जब पानी देने बात आती है तो देने के लिए तैयार नहीं। बडे दुख के साथ कहना पडता है कि पंजाब वालों को पाकिस्तान को पानी देना मंजूर है या कहीं और देना हो तो मंजूर है लेकिन हरियाणा राजस्थान और दिल्ली को देना मंजूर नहीं फिर ये बात कहते हैं कि दे ा एक है। मेरे भाई नेहरा साहब कह रहे थे कि जब विपक्ष के साथियों को मौका आया था तो उस

वक्त उन्होंने उसे नहर को बनाने के बारे में कोइ कदम उठाया। स्पीकर साहब जब 1977 में जनता पार्टी बनी और हरियाणा में यह भानुमती का कुन्बा जुडा तो इन्होंने अकालियों के साथ समझौता कर लिया। चुनाव मिटिंगों में जगह जगह जाकर कहते थे कि अकाली पार्टी के साथ हमारा समझौता है हम एक हैं लेकिन अकाली पार्टी का इलैक ान मैनीफैस्टों यह था कि हरियाणा को पानी नहीं देना है। जब मैनीफोस्टो अकाली पार्टी का यह था कि पानी नहीं देना तो फिर ये लोग इनका साथ कैसे दे रहे थे। ये भाई जब उनके इलैक ान मैनीफैस्टों से सहमत थे तो उनसे पानी की बात कैसे कर सकते है? ये किसान के हितैशी नहीं है। ये भाई किसान के नाम का प्रयोग करते हैं। और जगह जगह प्रचार करते हैं कि हमने किसानों के लिए यह किया वह किया। आप इस बात से अन्दाजा लगा सकते हैं कि हरियाणा के किसानों के कितने हितैशी है मैनें गवर्नर एड्रैस पर बोलते हुए कहा था कि ये कितने हितैशी बने लेकिन इनके खाने के दांत और है और दिखाने के और है। मैंने चौधरी चरण सिंह के समय का किस्सा सुनाया था कि उनके समय में गन्ने का क्या भाव रहा है? स्पीकर साहब, आपका और हमारा क्षेत्र गन्ना पैदा करने वाला है। अगर किसान को गन्ने का उचित मूल्य न मिले तो उसकी इकोनोमी खराब हो जाती हैं उन दिनों गन्ने का क्या हाल था गन्ने का रेट पन्द्रह रूपये क्विंटल से गिर कर चार रूपये आ गया था। उस टाईम पर गोला और पाती छह रूपये क्विंटल बिकती थी और गन्ना चार रूपये बिकता था। यही हाल आलू का था। हमारे क्षेत्र

में आलू उगाया जाता है। आलू का इतना बूरा हाल हुआ कि किसी ने पूछा तक नही। हमारे मंत्री जी कह रहे है गन्ना चार रूपये, पाती छह चरण सिंह की जय। आप इसी प्रकार नरमा के भाव के बारे में देखें। उसके भाव भी बहुत गिरे थे। स्पीकर साहब, एक बात मैं कहना नहीं चाहूंगा क्योंकि एक जाति पर ऐसप र्न आ जाता है लेकिन मेरा कहने का मुददा यह है किसान के हित में इन्होने कोई कदम नहीं उठाये बल्कि किसान की दयनीय हालत बना दी। कई सालों तक वह उठ नहीं पाया। आप जानते हैं कि यह नहर क्यों नहीं खुद रही है? इस अर्से में इन लोगों ने इतनी अफरा–तफरी मचा दी कि ब्यान नहीं की जा सकती चाहे वह राजनैतिक जीवन में थी या सामाजिक जीवन में थी। इन लोगों ने इतनी छूट दे दी कि किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं रहा। आज ये बिना आधार की बात करते है लेकिन मैं इनहें बताना चाहता हूं कि श्रीमति इंदिरा गांधी आतंकवाद का ि ाकार हो गई और हमारे बीच में नहीं रही लेकिन यह 3.50 एमएएफ पानी देकर हरियाणा पर इन्दिरा जी ने अहसान किया है। इस पानी के आने से लोगों की जिन्दगी में एक नई लहर दौड जायेगी। इसलिए हमारे पंजाब के साथ यह नहीं चाहते कि इसका पानी हरियाणा में आये। वे लोग कभी कोर्ट में चले जायेंगे। कभी आतंकवाद का कोई न कोई किस्सा बना कर उसे रोक देंगे। उनका तो मैनीफैस्टो है कि हरियाणा को पानी नहीं देना है। मैं आपके जरिए सदन को बताना चाहता हूं कि सरकार कितना जोर लगा रही है पानी लाने के लिए लेकिन वे अपनी तरफ से प्लान

बना रहे हैं कि किसी न किसी बहाने से विलम्ब की जाये और इसका पानी हरियाणा में न जाये। किसी किसान को रिट करवा देंगे कि उसके पीछे कौन है किस के कारण विलम्ब हुई है इस बात को गहराई से मेरे सज्जन साथियों को सोचना पडेगा। यह तभी सोच सकते हैं जब हम सही मायनों में हरियाणा के हितैशी हो।

स्पीकर साहब, आज अगर यह नहर नही आती है तो हमारे क्षेत्र अम्बाला और कुरूक्षेत्र में पानी मिलने की मांग कैसे पूर्ण होगी? हमारे अम्बाला जिले में कुछ क्षेत्रों में टयूबवैल्ज लगते नहीं और लगे हैं तो उनका पानी नीचे चला गया है। इसी तरह से कुरूक्षेत्र में भी है। अम्बाला जिले मे तो नहर के पानी की बहुत ही कमी है वैसे कभी तो सारे हरियाणा में ही है लेकिन हमारे जिले में खासतौर से है। हरियाणा में दस हजार क्यूसिक पानी भाखडा से आता है। इस पानी से क्या गुजारा होता है? अध्यक्ष महोदय, जिस खेती को पानी नहीं मिलता। यह वायबल नहीं है आज अगर किसान कर्जा ले ले तो वह दे नहीं सकता। कारखानेदार तो आज के दिन कर्जे की अदायगी कर देता होगा लेकिन जिस किसान के पास नहर का पानी, टयूबवैल्ज के साधन नहीं है अगर वह चार पांच हजार कर्जा ले ले तो कर्जा चुकाते चुकाते उसकी कमर टूट जाती है। जब किसान की पैदावार उपयुक्त नहीं है तो उसकी द ाा ठीक नहीं है। किसान की द ाा ठीक नहीं है तो उस किसान के साथ लगे हुए मजदूर या कामगर की द ाा कभी ठीक

नहीं हो सकती। अगर यह नहर हरियाणा में आती है तो हमारे किसानो की हालत सुधर सकती है। पंजाब के लोगों को पानी की आव यकता नहीं है। पंजाब में पानी सरप्लस है।

हमारे बडे भाई पंजाब वालों को पानी दिल्ली को देना मंजूर नहीं, राजस्थान को देना मजूंर नहीं, हरियाणा को देना मंजूर नहीं, लेकिन पाकिस्तान को देना मजूंर है। इसका क्या कारण है इसके पीछे क्या बात नजर आती है। यह किस बात को द ार्शाता है। जैसे आपको मालूम है अगर पानी आ जाता है तो हमारे क्षेत्र के लिए अभी जो दादुपुर कैनाल जैसे प्रोजैक्ट जो मंजूर हुए पडे हैं वह बन सकेंगे। अगर हमारे पास कुछ फालतू पानी आता है तो हमारे एग्जिस्टिंग पानी में से इस नहर को पानी मिलेगा। यह नहर बनेगी और हमारे क्षेत्र के लोगो का जीवन खु ाहाल होगा और उसमें जीवन की नई लहर आएगी। इसके अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी जहां पर पानी नहीं है। जैसे महेंद्रगढ वगैरा है वहां पर भी पानी जायेगा। वहां का जन–जीवन बढेगा। लेकिन अचम्भा है हमारे साथियों ने कभी ऐसा नही सोचा। पिछले दिनों में आपने देखा होगा कि नहर पहले से चल रही है उस नहर को दो बार कटवा दिया और आतंकवाद इतना है कि जिसकी कोई हद नहीं। जैसे मैंने जिक्र किया कि इंदिरा जी तो आतंकवाद का ि ाकार हो गयी। वह इस दे ा पर बलिदान हो गई। हम लोगों को अपने नहर को देखने के लिए जिससे हमें पानी मिलता है भेश बदल कर जाना पडा। चौधरी भजन लाल जी गए। हमारे

भाम ेर सिंह सुरजेवाला, इरीगे ान एण्ड पावर मिनिस्टर को भी छिप कर जाना पडा। (मास्टर ि ाव प्रसाद की ओर से विघ्न) मास्टर जी, आप कहते हें कि गए नही लेकिन मुझे मालूम है डा0 मंगल सैन सुरजेवाला जी साथ गये थे अपनी नहर का पानी लाने के लिए जिसको काट दिया गया है उसको ठीक करवाने के लिए हमें चोरी छिपे जाना पडता है। इस प्रकार के हालात हमारे प्रदे ा और हमारे पडोसी प्रान्त में हो तो हमारे साथियों को यह चाहिए कि इन हालात को सुधारने के लिए वह आगे बढे। उनको भगवान सदबुद्धि दे और जो आज दे ा में हालात है वह ठीक हों। हमारा दे ा एक है चाहे हम कहीं और किसी भी सूबे में रहते हैं या किसी भी प्रान्त में रहते हैं। हम अपने दे ा की एकरूपता बरकरार रखने के लिए दे ा की बहबूदी हो आगे बढाने के लिए और किसी भी भले काम के लिए एक रहें। यह बात ठीक है। कि इस दे ा में भिन्न भिन्न राज्य हैं वह किसी कारण से है। हमारा दे ा एक है। दे ा के हर प्रान्त की उन्नति के लिए और हर प्रान्त के कार्य के लिए अध्यक्ष महोदय हम सब का यह फर्ज बनता है। कि जो नामर्ज नि ि चत है उनके मुताबिक हम एक दूसरे की सहायता करें। एक दूसरे के साथ मिल कर चले नहीं तो अध्यक्ष महोदय क्या होगा। आपको याद होगा एक बार हमारी बसें हिमाचल प्रदे ा में टैक्स के कारण रोक ली गई थी। जब उन्होंने हमारी बसें रोंकी तो वे यह बात भूल गये कि हिमाचल की बसें भी हरियाणा होकर दिल्ली जाती है। जब उन्होंने हमारी बसें रोक लीं तो हमने भी हिमाचल की कुछ बसें रोक ली। नतीजा क्या हुआ।

दो दो मील तक ट्रकों की, बसों की और कारों की लाईनें लग गयी। हम ऐसे हालात नहीं चाहते आपको पता ही है कि यहां पर दो अढाई साल तक जनता पार्टी की सरकार रही, सैंटर में भी रही और पंजाब हरियाणा में भी रही। लेकिन उस दौरान भी इस मामले में कुछ न कुछ हो सका। अब हमारे भाई यह कहते हैं कि पंजाब में भी केंद्र का नुमायंदा है। कांग्रेस की सरकार केंद्र में भी है और हरियाणा में भी है तो अब कर लो। मैं उनको यह बताना चाहता हूं कि कोई काम हम लाठी या गोली से नहीं करना या करवाना चाहते। हम यह चाहते हैं कि यह काम सदभावना से हो जाए तो क्या ही अच्छा रहे। एक मुददा हमारे विपक्ष के भाई जो अहम है वह भूल गये वह है आंतकवाद का। इन्होंने किसी ने नही कहा कि हम उनके चुनाव मैनिफैस्टो के खिलाफ है। ऐसी कोई बात रिकार्ड पर नहीं है। पिछले दिनों ही मेरे ख्याल में पिछले सप्ताह ही हमारे सिचांई मंत्री जी जब बोल रहे थे तो इन्होंने यह फरमाया कि साढे ग्यारह किलोमीटर नहर बन गई है। यह थोडी सी खु ाी की बात है। हमारी सरकार की ओर से 45 करोड रूपया जमा हो चुका है। इस काम की प्रगति में तेजी से चलना रहना चाहिये। हमारे साथियों को यह चाहिए कि वे उग्रवाद को पनाह न दें। अध्यक्ष महोदय, मुझे आ ाा है कि हमारे विपक्ष के भाई पंजाब के भाइयों को सलाह देंगे कि वे आतंकवाद को पनाह ने दें। भाुरू में भाायद उनको इस बात का कोई अफसोस नहीं था कि उन्होंने आतंकवाद को पनाह क्यों दी। यही नहीं उन्होंने जो दे ा विदे ा में म ाहूर हरमिंदर साहब है। उसमें भी उग्रवादियों

को पनाह दी उन्हें छिपने के ठिकाने दे दिये। आज वे इस बात के लिये पछताते हैं कि हमने क्यों ऐसा किया? आज जेलों के अन्दर कई लोग तो ऐसे हैं जो बाहर भाक्ल भी नहीं दिखा सकते? कई लोग तो यह कहते हैं कि हम लोग तो अन्दर ही ठीक है। इसका क्या कारण था? इसका कारण उग्रवाद था। हमारे साथियों को यह चाहिये कि खुले भाब्दों में उसकी निन्दा करें। जो अवार्ड दिया गया था उसके बारे में उनको अभी तक वह बात याद करनी चाहिये कि अवार्ड मिलने के बाद सारे पंजाब में दीवाली मनाई गई थी इन्होंने लडियां सजाई थी। वे उस बात को कैसे भूल गये? कैसे यह जहर उनके सामने आ गया? उस जहर का कितने लोगो को ि ाकार होना पडा? यह एक चिन्ता का विशय है। इन्सानियत के लिये यह एक बहुत ही निंदनीय बात है। दोनों तरफ से इन्सानियत का खून हुआ है। यह इन्सानियत के नाम पर एक धब्बा है। हम सारे ही इसकी निन्दा करें और दे ा में राश्ट्रीय एकता को बढाने के लिये और अपने दे ा और प्रदे ाो की उन्नति के लिए काम करें। सारे प्रान्तों की उन्नति के लिये और हमारे प्रान्तों की बेहतरी के लिये वि ोशतौर पर यह जरूरी है कि इसके लिये सदभावना का माहौल तैयार किया जाये। यह मामूली सा नहर का मसला है। आपको याद होगा कि जब 1982 में कपूरी गांव में इस नहर का कार्य आरम्भ करने इदिंरा जी आयी तो वहां से थोडी दूर पर ही यह नारे सुनाई देते थे कि हम नहर नहीं खूदने दैंगे। हम यह करेगें हम वह करैंगे। यह सारी बातें हरियाणा के जन जीवन की उन्नति के लिए रूकावट है। हमारी अगर यह नहर बन जाती

है तो हमारा प्रदे ा प्रगति की ओर बढता है। बिजली का संकट काफी हद तक हल होता है। हमारे विपक्ष के साथी इसकी बहुत चर्चा करते हैं इसका भी हल होता है। टयूबवैल्ज को फिर बिजली भी मिलेगी। क्योंकि नहर का जब पानी आएगा तो टयूबवैल्ज को बिजली की भी आव यकता पडेगी। इसके अलावा बिजली की जरनें ान के और साधन भी बढेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं अपने विपक्ष के साथियों से यह निवेदन करूंगा कि हमारे बगल की स्टेट पंजाब के अपने भाइयों को दे ा के हित के लिए हरियाणा के हित में राजस्थान के हित में दिल्ली के हित में यानी जहां जहां पर भी यह पानी जाना है आज समय की मांग यह है कि पृथकतावादी ताकतों को एक तरफ करके सदभावना से सोचें। मन में यह सोच धारण करें कि हम सब भाई भाई हैं चाहे वह हरियाणा में रहते हैं या पंजाब में रहते हें। या जम्मू क मीर में रहते हैं उन सब की भलाई ही इंसानियत का तकाजा है। (व्यवधान व भाोर) विज साहब का प्रस्ताव ठीक हइै वे साधन सम्पन्न है लेकिन उनकी और से जो थोडी सी बातें आई है कि इस नहर के बनाने में विलम्ब हो रहा है उसके कारण मैंने आपको बता दिए है। मैंने इस साथियों को विलम्ब का कारण बता दिया है। इस विलम्ब के कारण को दूर करें। जैसे मैंने बताया है उनसे वे समझौता तोडकर उनको मजबूर करें कि वे आपकी बात को माने। आप उनसे यह कहो कि भाई जब आप हमें चुनाव में साथ लेकर चलना चाहते हो तो हमारी तरक्की की लहर को मत रोको, हम आपको साथ लेकर इस तरह से नहीं चल सकेंगे। भगवान उनकी

सदबुद्धि दें। उनके मन में सदभावना दे और हमारी यह नहर बने। ऐसा होने के बाद हमारे जो किसान भाई है खासतौर पर हमारे क्षेत्र के और महेंद्रगढ क्षेत्र के और पूर्वी हरियाणा के उस भाग के भाई जहां सूखा पडा है। उनमें भी पानी आने से हमारे देहात के लोग सुख की सांस लेंगे।

13.00 बजे

आज गुप्ता जी एक प्र न का उत्तर दे रहे थे और कह रहे थे कि जो रहन–सहन का स्तर है वह ठीक है और उसकी क्वालिटी और बढेगी। यह नहर बनने से वह स्तर अव य बढेगा। स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत अपनी सरकार से निवेदन करूंगा कि उन्होंने जो कदम उठाए है जिससे की यह नहर जल्दी से जल्दी बने उस कदम को और तेज करें। इस दि ाा में प्रयास तो बहुत हुए है जैसे कि पैसा लगा दिया और पंजाब का स्टाफ लगा दिया इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि हमें तो काम चाहिए जिससे कि हरियाणा की बेहतरी हो। स्पीकर साहब, सदन में बताया गया है कि यह नहर 1987 तक पूरी हो जाएगी मुझे पूरी आ ाा है कि यह नहर उसी साल में पूरी हो जाएगी और उसके बाद हरियाणा की खु ाहाली बढेगी। धन्यवाद।

णीय अध्यक्ष महोदय, सदन में एसवाईएल के निर्माण पर जो चर्चा चल रही है। निस्संदेह यह बहुत गंभीर विशय है और

इस पर सोच विचार करके इसके निर्माण में सभी को मिलजुल कर सहयोग देना बहुत जरूरी है।

श्री मंगल सैनः बहन जी आप किस के बारे में बोल रही है।

बहिन भाान्ति देवीः मैं सतलुज यमुना योजक नहर के बारे में जो प्रस्ताव है उस पर बोल रही हूं और कुछ पूछना हो तो और पूछ लो। मैं एक बात कहना चाहती हूं कि कम से कम मैंने किसी को कभी भी विधान सभा में बोलते हुए, बीच में नहीं टोका है। मुझे भी बोलते समय टोकना नहीं चाहिये। स्पीकर साहब पुराने विधायक के नाते डा0 साहब को बोलने का अभ्यास है। यहां विधान सभा में बैठे सदस्यों को भी तथा बाहर से आने वाले द र्किों को भी उनके बोलने का ढंग अच्छा लगता है परन्तु बहुत बार इनकी बात तीर सी लगती है जो दूसरे को घाव के सामान कश्ट दायक होती है। अध्यक्ष महोदय, बिहारी सत सई नाम की एक पुस्तक है। उसमें सात सौ दोहे हैं उस पुस्तक की आलोचना प्रति आलोचना में एक दोहा जो डा0 साहब के बोलने पर फिट बैठता है इस प्रकार है–

सत सैया के दोहे ज्यों नावक के तीर

देखन में छोटे लगें घाव करें गंभीर।

बराए मेहरबानी मेरे बोलने के टाईम आप टोका न किया करें और अगर अब इतना कहने पर भी करेंगे तो आपकी मर्जी है भाई साहब।

अध्यक्ष महोदय, मैं एसवाईएल के निर्माण के विशय में कुछ भाब्द रख रही थी क्योंकि यह बहुत गंभीर विशय है और इसका निर्माण बहुत जरूरी है क्योंकि हरियाणा की समृद्धि और हरियाणा की सम्पन्नता इससे जुडी हुई है। अध्यक्ष महोदय आप जानते हैं कि प्रभू के मंगलमय विधान के अनुसार परिस्थितियां बदलती रहती है और इसी परिस्थिति परिवर्तन के परिणामस्वरूप यह परिस्थिति भी बन गई है कि इस नहर का निर्माण भाुरू हुआ। आप सब को मालूम है कि 1947 से पहले सतलुज, रावी, ब्यास, चनाव और जेहलम ये पांच नदियां जिस क्षेत्र में बहती थी वह पंजाब कहलाता था। परिस्थितियां बदली। 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति का समय आया और दुर्भाग्यव ा दे ा का बंटवारा हुआ और उसके बाद फिर परिस्थितियां बदली और 1966 में हरियाणा का निर्माण हुआ। स्पीकर साहब, हम देखते हैं कि नदियां तो अपने विधान के मुताबिक पहाडों से निकलकर का मीर, पाकिस्तान और पंजाब को पानी देती हुई अरब सागर में पहुंच रही है हरियाणा में आई और अपने उसी कम के अनुसार सारे इलाके को बिना किसी भेदभाव के भीतल और मीठा जल अपने रास्ते में आने वाले सब प्रदे ाों को देती रही लेकिन हम पंजाब व हरियाणावासी छोटी छोटी बातों पर आपसी मतभेदों के कारण इस नहर की खुदाई में

रूकावट पा रहे हैं। जहां तक आज एसवाईएल के जल का सवाल है हरियाणा के कुछ हिस्से जैसे महेंद्रगढ, हिसार, रिवाडी और गुडगांव इनमें पानी की जरूरत है। उन सूखे इलाकों को हरा भरा करने के लिए इस योजक नहर के पानी की बहुत आव यकता है और इसके साथ ही साथ मनुश्य के लिए और प ाुओं के पीने के लिए मीठे पानी की जरूरत है। इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि कोई इस का विरोध करें। यह राजनैतिक रूकावट है कि हमारे पंजाब के भाई लोग जो पोलिटी ायंज है या जो भी है। नदी का फालतू पानी पाकिस्तान मे जाना पसन्द कर रहे हें परन्तु हरियाणा को नहीं देना चाहते तभी सतलुज यमुना सर्म्पक नहर के निर्माण को रोक रहे हैं। ऐसे मामले में बहुत सोच समझकर समस्या का हल निकालना चाहिए। इस मसले पर आज सारा हरियाणा की नहीं बल्कि सारा दे ा चिन्तित है कि यह नहर जल्दी से जल्दी बननी चाहिए। अध्यक्ष महोदय यह 118 किलोमीटर लम्बी नहर है और इस पर बहुत अधिक धन व्यय हो चुका है। हरियाणा में इसका निर्माण को चुका है रूकावट तो पंजाब में राजनैतिक मतभेदों के कारण आई हुई है। जब जनता राज में परिस्थितियां ठीक थीं और अनुकूल अवसर था। वह जनता सरकार ने खो दिया और अब जब काम भाुरू हुआ तो परिस्थितियां कुछ खराब हो गई। अध्यक्ष महोदय, अन्त में मेरा यह निवेदन है कि सभी को मिलजुल कर केंद्र से सहयोग से समस्या को हल करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए तभी हमारे प्रदे ा की उन्नति हो सकेगी।

चौधरी सूबे सिंह पुनियाः सभापति महोदय, एसवाईएल नहर के बारे में जो रेजोल्यू ान आज सदन में चर्चा का विशय बना हुआ है मैं उस पर अपने विचार रखने के लिए खडा हुआ हूं। इस परियोजना का उदघाटन हमारी पूज्यनीय स्व0 प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी जी के कर कमलों से हुआ था और उनका दिया हुआ 20 सूत्रीय कार्यक्रम जो कि एक राश्ट्रीय कार्यक्रम है। उसमें सबसे पहली जो बात कही गयी है वह है सिंचाई के साधनों की क्षमता को बढावा देना। स्पीकर साहब, कृशि हमारे दे ा की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख अंग है। हमारे दे ा की 80 प्रति ात जनता आज कृशि और उससे संबंधित उद्योग धंधों पर अपना गुजारा करती है अपना जीवन निर्वाह करती है। यह जो परियोजना है यह राश्ट्रीय महत्व रखती है पिछले सप्ताह भी चर्चा हुई है और हमारे बिजली एवं सिंचाई मंत्री महोदय चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला जी ने बताया था कि इस परियोजना पर कार्य आरम्भ हो चुका है और इसके निर्माण के लिए पूरा पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसलिये इस परियोजना के लिये हरियाणा सरकार ने पैसा भी दिया था। साथ में यहां पर यह भी बताया गया था कि इस नहर का 11 किलोमीटर लम्बा हिस्सा बन चुका है। इसके लिये हरियाणा सरकार पहले ही केंद्रीय सरकार को इसकी डिले के बारे में सूचित कर चुकी है। और इस कारण से जो खर्चा हरियाणा सरकार पर पडा है उसके लिये बार बार भारत सरकार से प्रार्थना कर चुकी है कि भारत सरकार हरियाणा सरकार की इस मामले में पूरी तरह से मदद करें क्योंकि यह परियोजना केंद्र सरकार के

आ ीवाद से ही आरम्भ की गई है। मैं सदन को ध्यान आपके माध्यम से इस और आकर्शित करना चाहूंगा कि जब यहां पर विरोधी पक्ष की सरकार रही तो उन्होंने एक करोड रूपया इसके लिये दिया था ताकि इस कार्य के लिये जमीन एकवायर की जा सके लेकिन 1977 में जब इनकी जनता सरकार बनी तो हरियाणा के मुख्यमंत्री जी ने दो बातों का नारा यहां पर दिया था कि भ्रश्टाचार बन्द और पानी का प्रबन्ध और यह नारा पूरी तरह से फेल हुआ। जहां तक भ्रश्टाचार का सम्बन्ध है उस बारे में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि उस समय के मुख्यंत्री महोदय ने अपने ..... से भी नाता तोड लिया। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः किसी का नाम यहां पर नहीं आयेगा।

चौधरी सूबे सिंह पूनियांः पानी का प्रबंध करने का सवाल जहां तक है उस बारे में इतना की कहना चाहता हूं कि एक बाल्टी पानी की तो किसी को प्यास बुझाने के लिए दे नहीं पाये और किसानों को खेती की सिंचाई के लिए क्या पानी देंगे (ाोर) स्पीकर साहब, मैं अन्त में यह कहना चाहता हूं कि यह तो एसवाईएल की परियोजना है यह एक राश्ट्रीय महत्व का मुददा है। हरियाणा के बच्चे बच्चे के मन में इस बात की उत्सुकता है कि इस काम को जल्दी से जल्दी पूरा करवाया जाए और सरकार इस बारे में पूरी तरह से प्रयास भी कर रही है सर्तक भी है लेकिन दूसरी तरफ का वातावरण आजकल इतना दूशित हो चुका है

जिसके कारण इस काम में देरी हो रही है। विरोधी दल के भाईयों को मैं इतना ही कंहूगा कि–

मंजिल पे जिन्होंने पहुंचना हो वे ि ाकवा नहीं करते।

ि ाकवा जो करते हैं वे पहुंचा नही करते।

और एक बात अन्त में कह कर अपने अपोजी ान भाईयों से प्रार्थना करूंगा कि जो भाब्दावली उन्होंने अपने रेजोल्यू ान में दी है उसको बदले क्योंकि हरियाणा सरकार पहले ही अपने इन प्रयासों से सर्तक है। स्पीकर साहब, इस के साथ अब मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं। जयहिन्द।

श्री महेंद्र प्रताप सिंहः हाउस में जो एसवाईएल के बारे में चर्चा हो रही है उसके बारे में हमारे साथियों ने इसमें यह कहा है कि इस नहर के बनने में पंजाब सरकार के कारण जो रूकावट आई है उसके लिये यह हाउस एक रेजोल्यू ान पास करे और भारत सरकार को यह अप्रोच करें कि पंजाब सरकार से जो कि इस नहर को खोदने में असमर्थ रही है उसको हरियाणा सरकार अपने चार्ज में लेकर उसकी खुदवाई का काम खुद करवायें। इसलिए मैं एक बात यहां सदन में कहना चाहती हूं कि विरोधी पक्ष के भाइयों ने बार बार यहां पर सरकार को आलोचना भी की है। तरह तरह के इलजाम भी लगाये हैं लेकिन वे स्वयं भी इस बात को समझते हैं कि सरकार ठीक तरीके से काम कर रही है। जहां तक कि आलोचना का ताल्लुक है अगर कोई मुददा ऐसा है

तो हमें कोई ऐतराज नहीं है वे आलोचना करें, उनका फर्ज भी है लेकिन आलोचना सिर्फ आलोचना के लिए ही कर रहे हैं यह कोई भाोभा की बात नहीं है। वैसे विरोधी दल के भाईयों को पूरा वि वास भी है कि हरियाणा सरकार विकास ील नीतियों और उन कामों को पूरा करने में पूरी क्षमता रखती है और हरियाणा का पूर्ण भला होगा। यह जो एसवाईएल का काम सरकार करवा रही है इसके लिये तो विरोधी दल के भाईयों को सरकार का धन्यवाद करना चाहिये। (ाोर एवं विघ्न)

Mr. Speaker: He has well said.

चौधरी बलवीर सिंह ग्रेवालः स्पीकर साहब, अभी मेरे एक साथी ने बोलते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की क्षमता पर हमें पूरा वि वास है। चूंकि हमारी तरफ से 24–25 आदमी उधर जा चुके हैं और ये भी इन में से एक है। इसलिए मैं यह कहूंगा कि हमें इनकी सरकार की क्षमता पर कोई भाक नहीं है।

एक आवाजः स्पीकर साहब, ऐन्टी डिफैक ान बिल आने की वजह से इनका खाना पीना बन्द हो गया है। (ाोर)

श्री महेंद्र प्रताप सिहः स्पीकर साहब, अभी ये कह रहे थे कि हमारा खाना पीना बन्द हो गया। खाना पीना तो ऐंटी डिफैक ान बिल आने से इनका बन्द हो गया। (ाोर)

लोक निर्माण मंत्री (श्री अमर सिंह): स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है। मैं हीरा नन्द जी आर्य और प्रो0 सम्पत सिंह तथा श्री वीरेन्द्र सिंह को कहना चाहूंगा कि–

आता है याद मुझ को गुजरा हुआ जमाना,

वह न ाा ए हकूमत वह मेरा दनदनाना,

छोटी सी एक झंडी को कार पर सजा कर,

टूर पर किस भाान से होता था रवाना। (हंसी)

श्री जगदी ा नेहरा: मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। स्पीकर साहब, एसवाईएल के बारे में जो विरोधी भाईयों ने बात कही है उसके बारे में मैं एक बात कहना चाहता हूं। जब 1977 में इनकी सरकार थी तो एसवाईएल प्रोजेक्ट के बारे में एक सवाल श्री सुरजेवाला जी ने पूछा था उसको मैं पढ कर सुनाता हूं–

'Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) the time by which the Sutlej Yamuna Link Canal Project is likely to be completed together with the total quantity of water which will be received through it. Whether there is any proposal under consideration of the Government to revise and reduce the share of Haryana water as was determined previously by the Central Government; and

(b) whether it is a fact that about 1000 cusecs of water can be received through the existing canal system from

the Sutlej Yamuna Link Project; if so, the reasons for non-utilization of this water going as waste?

Irrigation and Power Minister (Shri Virender Singh):

(a) Sutlej Yamuna Link in Haryana territory is likely to be completed by the end of 1978-79. Likely date of completion of work on Sutlej Yamuna Link in Punjab cannot be indicated at this stage. Haryana's full share of 3.5 m.a.f. will be transported through the Sutlej Yamuna Link on its completion. There is no proposal under consideration of the Government to revise and reduce the share of Haryana water as determined previously by the Central Government.

(b) There is some spare capacity in the existing canal system available at times when requirement is not taken. It is, however, either not available or negligible in sowing and maturing periods i.e. in the month of May, June, October and November. The available spare capacity in other months is being partially utilized to carry part of Haryana's share in the surplus Ravi Beas waters.

लेकिन अब ये कह रहे थे कि हमने इस बारे में कुछ नहीं कहा था। इसके साथ साथ जब इसी बारे में सप्लीमेंटरी हुआ तो उसके जवाब में इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर श्री वीरेन्द्र सिंह जी ने यह कहा कि फार दि टाईम बींइग इस बात के लिए हमारे मुख्यमंत्री और पंजाब सरकार के दरम्यान बात हुई है। मार्च या अप्रैल के महीने में जब भी मुख्यमंत्री को फुरस्त होगी इस नहर

का उदघाटन कर दिया जायेगा। तो इनकी पहली स्टेटमेंट और अब की बात बिल्कुल कन्ट्राडिक्टरी है। (ाोर)

श्री मंगल सैनः एजूके ान स्टेट मिनिस्टर प्वांयट आफ आर्डर पर खडे होकर आप को कुछ पढकर सुना रहे थे। मैं इनको बताना चाहता हूं कि 1979 में भजन लाल जी ही चीफ मिनिस्टर थे। (ाोर)

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। नेहरा जी ने जो पढ कर सुनाया उसके विशय में मैं कहना चाहता हू कि हमारे टाईम में यह काम इसलिये नहीं हो पाया था कि भजन लाल जी सारी फौज को लेकर इनकी तरफ ले गए थे। (हंसी)

श्री महेन्द्र प्रताप सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं इस मामले पर कुछ आगे कहने से पहले यह कहना चाहूंगा कि मेरे साथियों ने कुछ बातें मेरे उपर कही थी कि आप भी हमारे साथ है। अध्यक्ष महोदय, इसके लिए तो मैं यही कहूंगा कि साथ तो अब भी हम सारे हैं लेकिन मैं यह बात जरूर कहूंगा कि हमारे मुख्यमंत्री जी इस बारे मे कई बार कह चुके है। यह मामला बहुत पुराना पड गया है। मेरा तो इस सदन में बैठने का पहला मौका है और मुख्यमंत्री जी ने इस बारे में कई बार कह दिया है ..... जहां तक दल बदलने की बात है उसके बारे में तो इससे आगे जवाब देने की कोई गुजांइ ा नहीं है। मैं अपने साथियों को याद

दिलाना चाहता हूं कि जिस वक्त 1977 में जनता पार्टी पावर में आई तो उस समय जनता पार्टी का रूल तकरीबन सारे दे ा में था, जहां तक की सैंटर में भी जनता पार्टी का ही भाासन था। उसके बाद दो साल के बाद इतना जबरदस्त दल बदल हुआ जो चौधरी साहब की रहनुमाई में हुआ। मैं समझता हूं कि इतना बडा दल बदल भायद ही हिन्दुस्तान की हिस्टरी में कभी हुआ हो इसके बावजूद भी ये ऐसी बात करें तो वह मेरी समझ से बाहर है। इसमे ंकोई दो राय नहीं कि आप लोगों ने मुझे चुनाव में मदद दी थी लेकिन जहां से मैं चुनाव लडा था वहां कि जनता ने एक महीने तक मेरे पर दवाब डाला। इसलिये मैंने समझा कि जो जन हित में है वह ठीक है। (ाोर)

वन तथा जेल मंत्री (श्री गोवर्धन दास चौहान): स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। आनरेबल मैम्बर्ज एक नये मैम्बर है और वे अच्छी बातें कह रहे हैं। उधर के भाइयों को इनकी इस तरह से टोका टाकी नहीं करनी चाहिए यह अच्छी रिवायत नही है। (ाोर)

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह: स्पीकर साहब, मैं चाहता हूं कि इस चीज का फैसला हमे ाा के लिए हो जाए ताकि ये इस बात को बार बार न दोहराएं। इस सरकार से पहले जनता पार्टी की सरकार थी उसने दल बदल का कानून नहीं बनाया लेकिन हमारे प्रधानमंत्री ने ऐसा करना ठीक समझा और उन्होंने ऐसा कानून पास करवाया ताकि यह बात बिल्कुल खत्म हो जाए। एक बात मैं

और कहना चाहता हूं कि मैं आज ही अपना इस्तीफा लिख कर दे देता हूं और उधर से जो भाई मेरे बारे मे कह रहे है वे भी अस्तीफा दे दें। उसके बाद इलैक ान हो जाए। अगर मैं हाउस में न आ सका तो मैं वायदा करता हूं कि मैं दोबारा सियास्त में नहीं आउंगा।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, जब ये जीत ही नहीं सकते तो यह वायदा क्या हुआ। ये नौजवान आदमी है मेरे मित्र है ..... ये गलती न कर जाएं भजन लाल जी इनको टिकट नहीं लेने देंगे। ये भी जानते हैं कि कौन आदमी कैसा है। इनके और बहुत मित्र है। फिर आप नहीं आ सकेंगे। हम तो आपके भाुभ चिंतक है। आप इस हाउस में रहो और आराम से रहो ..... (ाोर)

श्री अध्यक्षः बिकाऊ और छाज वाली बात रिकार्ड न की जाए।

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। ..... (विघ्न)

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। यह रिकार्ड पर नहीं आएगा।

***13.30 बजे**

अब हाउस कल प्रातः 9.30 बजे तक के लिए एडजर्न किया जाता है (तत्प चात सदन भाुक्रवार दिनांक 22—3—1985 को प्रातः 9.30 बजे तक के लिए * स्थगित हुआ)